

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 210 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 10 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## शेख हसीना ने सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई

### भारत-बांग्लादेश रिश्तों में बंगाल को बताया अहम

समाज जागरण

कोलकाता/ढाका। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद शनिवार को सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष Sheikh Hasina ने उन्हें बधाई देते हुए भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में पश्चिम बंगाल की भूमिका को बेहद अहम बताया।

अवामी लीग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि शेख हसीना की ओर से सुवेंदु अधिकारी को पश्चिम Bengal का मुख्यमंत्री चुने जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। संदेश में कहा गया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत और मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें बांग्लादेश की जनता की ओर से भी बधाई दी जाती है।

शेख हसीना ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का फैसला सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में उनके गहरे विश्वास और जनहित में



काम करने वाली सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच सच्ची दोस्ती के इतिहास में पश्चिम बंगाल की एक विशेष भूमिका रही है।

उन्होंने कहा, "हम साझा भाषा, संस्कृति और विरासत से जुड़े हुए हैं और मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में यह संबंध आने वाले समय में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।"

शेख हसीना ने आगे कहा कि पड़ोसी होने के नाते बांग्लादेश हमेशा पश्चिम बंगाल की शांति और समृद्धि की कामना करता रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुवेंदु अधिकारी के कार्यकाल में दोनों पक्षों के बीच सहयोग की पुरानी परंपरा और अधिक मजबूत होगी तथा दोनों बंगाल के लोगों के विकास और कल्याण के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

### राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस पर हिंदू परंपरा के अनुसार हुई विशेष प्रार्थना, विश्व शांति और सद्भाव की कामना

# व्हाइट हाउस में गूंजा शांति मंत्र,

## हिंदू प्रार्थना से दिया गया वैश्विक एकता का संदेश

वॉशिंगटन/नोएडा। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस कार्यक्रम के दौरान हिंदू धर्म की परंपरा के अनुसार विशेष प्रार्थना की गई, जिसमें विश्व शांति, मानव एकता और आध्यात्मिक सद्भाव का संदेश दिया गया। अमेरिका अपनी आजादी के 250वें वर्ष की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में राष्ट्रपति भवन में धार्मिक विविधता और सांस्कृतिक समावेश का यह दृश्य बेहद खास माना जा रहा है।

कार्यक्रम में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के एक स्वयंसेवक ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार प्रार्थना कराई। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, "कृपया अपनी आंखें बंद करें



और हाथ जोड़ें।" इसके बाद पूरे सभागार में शांति मंत्र का उच्चारण गूंज उठा।

प्रार्थना के दौरान विश्व में शांति और सद्भाव की कामना करते हुए कहा गया, "आकाश और अंतरिक्ष में शांति हो। धरती, जल और सभी जीवों में शांति बनी रहे। प्रकृति और पर्यावरण में शांति हो। स्वर्ग की शांति पूरे ब्रह्मांड में फैल जाए।" साथ ही लोगों के व्यक्तिगत जीवन में भी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति की प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से राष्ट्रपति भवन प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। वक्ता ने कहा, "पूरे समुदाय, न्यू जर्सी स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम और गुरु हरि मोहन स्वामी महाराज की ओर से हम इस अवसर के लिए आपका धन्यवाद करते हैं।"

संस्था की जनसंपर्क इकाई ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। संस्था ने कहा कि ऐसे आयोजन यह याद दिलाते हैं कि आस्था, सेवा और साझा मूल्य समाज को मजबूत बनाते हैं।

इस अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपना संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, "आज हम अमेरिका की प्रार्थना, आस्था और ईश्वर में विश्वास की पुरानी परंपरा का सम्मान करते हैं। जब हम अमेरिका की आजादी के 250 गौरवशाली वर्ष मना रहे हैं, तब हम यह संकल्प लेते हैं कि ईश्वर ने हमारे देश और लोगों को जो अनगिनत आशीर्वाद दिए हैं, उन्हें कभी नहीं भूलेंगे।"

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पश्चिमी दुनिया का इतिहास ईश्वर के प्रति आस्था से जुड़ा रहा है और अमेरिका की स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान भी यह भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी थी। उन्होंने याद दिलाया कि उस समय द्वितीय महाद्वीपीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उपवास, प्रार्थना और आत्मचिंतन का विशेष दिन घोषित किया था।

# समावेशी सियासत का संकेतः सुवेंदु सरकार ने सभी वर्गों को दिया प्रतिनिधित्व

## भाजपा की पहली बंगाल सरकार में जातीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश, दीर्घकालिक राजनीतिक आधार मजबूत करने पर जोर

समाज जागरण

कोलकाता/नोएडा। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे सामाजिक और जातीय संतुलन की नई राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार में विभिन्न सामाजिक और जातीय समूहों को प्रतिनिधित्व देकर भाजपा ने व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता का संदेश देने की कोशिश की है।

नई मंत्रिपरिषद की संरचना पर नजर डालें तो इसमें राज्य के कई प्रभावशाली सामाजिक वर्गों को स्थान दिया गया है। खुद सुवेंदु अधिकारी ब्राह्मण समुदाय से आते हैं, जबकि दिलीप घोष लंबे समय से अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमुख चेहरे के रूप में भाजपा की राजनीति का अहम हिस्सा रहे हैं। अग्निमित्रा पॉल कायस्थ समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं।



वहीं अशोक कीर्तनिया को मंत्री बनाकर भाजपा ने मतुआ समुदाय को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। राज्य की राजनीति में मतुआ समाज का प्रभाव बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

इसके अलावा खुदीराम टुडू के जरिए आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जबकि निसिथ प्रमाणिक को राजबंशी समुदाय का प्रमुख चेहरा माना जाता है। उत्तर बंगाल की राजनीति में राजबंशी वोट बैंक की भूमिका बेहद अहम मानी जाती रही है और भाजपा लंबे समय से इस सामाजिक समीकरण पर काम कर रही थी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में वही सामाजिक मॉडल अपनाने की कोशिश की है, जो उसने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में अपनाया था। अलग-अलग जातीय समूहों को सत्ता में भागीदारी देकर व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार करना इस रणनीति का मुख्य आधार माना जा रहा है।

इस पूरी रणनीति में नितिन नवीन की भूमिका भी चर्चा में रही। चुनाव से पहले भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर संगठनात्मक स्तर पर बड़ा संदेश दिया था। बिहार की राजनीति से आने वाले नितिन नवीन को पूर्वी भारत की सामाजिक संरचना और जातीय समीकरणों की बेहतर समझ रखने वाले नेता के रूप में देखा जाता है।

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान नितिन नवीन ने तृणमूल सरकार पर भ्रष्टाचार, कटमनी और घुसपैठ को बढ़ावा देने के आरोपों को प्रमुख मुद्दा बनाया। उन्होंने सिलीगुड़ी में व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े लोगों के साथ संवाद किया तथा 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का भाजपा का एजेंडा सामने रखा। इसके अलावा उत्तरी कोलकाता के बारानगर में रोड शो कर मध्यम वर्ग को मतदान के लिए प्रेरित करने की भी कोशिश की।

राजनीतिक हलकों में इस बात की भी चर्चा है कि 20 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मात्र 90 दिनों के भीतर नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा को पश्चिम बंगाल और असम में बड़ी राजनीतिक सफलता मिली है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बंगाल में भाजपा की यह नई सामाजिक इंजीनियरिंग केवल चुनावी रणनीति नहीं बल्कि राज्य में दीर्घकालिक राजनीतिक आधार मजबूत करने की कोशिश है। (इनपुट-आईएएनएस)

## महाराणा प्रताप जयंती पर पीएम मोदी का नमन, *वीरता और राष्ट्रभक्ति को किया स्मरण*

*प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, वीर शिरोमणि के अदम्य साहस को किया याद*

नई दिल्ली। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर



पर देशभर में श्रद्धांजलि का सिलसिला देखने को मिला। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर संदेश जारी कर महान योद्धा को नमन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में महाराणा प्रताप को वीरता और पराक्रम का अमर प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि की आन, बान और शान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने लिखा कि उनके अदम्य साहस और अटूट स्वाभिमान की गाथाएं युगों-युगों तक देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करती रहेंगी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन संघर्ष में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का साहस, पराक्रम और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा और उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्र सम्मान के लिए प्रेरित करता है।



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने महाराणा प्रताप को शौर्य, साहस और स्वाभिमान का अद्वितीय प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनका त्याग और राष्ट्रभक्ति सदियों से लोगों को मातृभूमि के सम्मान के लिए अडिग रहने की प्रेरणा देती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन कठिन परिस्थितियों में भी मूल्यों और स्वाभिमान पर अडिग रहते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाता है।

महाराणा प्रताप जयंती 16वीं शताब्दी के मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप की स्मृति में मनाई जाती है। ह्यवीर शिरोमणिह्न के नाम से विख्यात महाराणा प्रताप अपने अदम्य साहस, स्वाभिमान और मुगल साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष के लिए पूरे देश में सम्मान के साथ स्मरण किए जाते हैं। विशेष रूप से 1576 के हल्दीघाटी युद्ध में उनकी वीरता भारतीय इतिहास में अमिट रूप से दर्ज है।

(इनपुट-आईएएनएस)

### मलक्का छोड़ो, चीन का 'बैकयार्ड' लॉक कर सकता है भारत

## हिंद महासागर में रणनीतिक बढ़त का नया खेल

### अगलेगा द्वीप और ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट से बदल सकता है हिंद महासागर का शक्ति संतुलन

समाज जागरण

नई दिल्ली। चीन को रणनीतिक रूप से घेरने की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच भारत की समुद्री रणनीति को लेकर नई चर्चाएं तेज हो गई हैं। विश्लेषकों के अनुसार भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए ऐसे कदम उठाए हैं, जिन्हें चीन के लिए रणनीतिक दबाव बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

सूत्रों और रणनीतिक रिपोर्टों के अनुसार हिंद महासागर में स्थित अगलेगा द्वीप अब भारत की समुद्री निगरानी व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। यहां विकसित की जा रही बुनियादी संरचनाओं में लंबा रनवे और गहरे पानी की जेटी शामिल है, जिससे निगरानी और समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने की क्षमता बढ़ेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र से भारतीय नौसेना की समुद्री निगरानी क्षमता को मजबूती मिल सकती है, खासकर उन समुद्री मार्गों पर जो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

इसी क्रम में ग्रेट निकोबार द्वीप समूह परियोजना भी रणनीतिक दृष्टि से चर्चा में है। इसे हिंद



महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति के रूप में देखा जा रहा है, जो समुद्री मार्गों की सुरक्षा और निगरानी क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

रणनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि चीन की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा समुद्री व्यापार मार्गों पर निर्भर है, जिसमें मलक्का जलडमरूमध्य एक प्रमुख कड़ी माना जाता है। ऐसे में हिंद महासागर में भारत की बढ़ती मौजूदगी को एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखा जा रहा है।

इसके अलावा मॉरीशस के साथ सहयोग के तहत बंदरगाह विकास और समुद्री निगरानी से जुड़े प्रोजेक्ट भी भारत की क्षेत्रीय समुद्री कूटनीति को मजबूत करने वाले कदम माने जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ाना बताया जा रहा है।

विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि भारत की यह रणनीति किसी एक देश के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच अपने हितों और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की व्यापक नीति का हिस्सा है।

हालांकि, इन सभी विकास परियोजनाओं पर आधिकारिक स्तर पर लगातार निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखने की बात भी कही जा रही है, ताकि क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता बनी रहे।

(इनपुट-आईएएनएस)

# एसआईपी निवेश में जबरदस्त उछालः एक दशक में 10 गुना वृद्धि, युवाओं और महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

### छोटे शहरों तक पहुंचा निवेश का दायरा, वित्तीय जागरूकता में बड़ा बदलाव

समाज जागरण

मुंबई/नोएडा। भारत में निवेश का तरीका और सोच दोनों तेजी से बदल रहे हैं। अब निवेश केवल बड़े शहरों या चुनिंदा वर्ग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि छोटे शहरों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में भारत के खुदरा निवेश क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और म्यूचुअल फंड प्रणालीगत निवेश योजनाओं का दायरा 10 गुना से अधिक बढ़ गया है।

यह जानकारी ग्रो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित केशरे ने 'ग्रो इंडिया इन्वेस्टर फेस्टिवल 2026' के दौरान दी। मुंबई में कंपनी के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि




भारत में खुदरा निवेश का दायरा महानगरों से आगे बढ़कर छोटे शहरों तक पहुंच चुका है।

ललित केशरे ने बताया कि पिछले एक दशक में म्यूचुअल फंड परिसंपत्तियों के प्रबंधन का आकार 2016 में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अब 80 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं मासिक एसआईपी निवेश भी लगभग 3,000 करोड़ रुपये से बढ़कर दस गुना से अधिक हो गया है।

उन्होंने कहा कि भारत में लोगों की सोच में बड़ा बदलाव आया है। अब लोग केवल आय अर्जित करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य के लिए संपत्ति निर्माण और वित्तीय सुरक्षा पर अधिक ध्यान दे रहे हैं।

केशरे के अनुसार, पहले शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में निवेश मुख्य रूप से महानगरों तक सीमित था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश, बिहार, पूर्वोत्तर राज्यों और अन्य छोटे शहरों से भी बड़ी संख्या में निवेशक जुड़ रहे हैं। इससे वित्तीय जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

उन्होंने यह भी बताया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल प्लेटफॉर्म और आसान निवेश विकल्पों के कारण निवेश का विस्तार तेजी से हुआ है, जिससे आम लोगों के लिए निवेश पहले की तुलना में अधिक सरल हो गया है।

ललित केशरे ने कहा कि नए निवेशकों में लगभग एक चौथाई महिलाएं हैं, जो भारतीय वित्तीय बाजारों की बढ़ती परिपक्वता का संकेत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह दशार्ती है कि अब परिवारों में वित्तीय निर्णयों में उनकी भूमिका भी मजबूत हो रही है।

## बालेन शाह को भारी पड़ी कड़वाहटः भारत-नेपाल कूटनीति में बढ़ा तनाव

### विदेश सचिव का दौरा टलना बना संकेत, काठमांडू की नई नीतियों से रिश्तों में खिंचाव की चर्चा

काठमांडू/नई दिल्ली। नेपाल की राजनीति में हालिया बदलाव और नए नेतृत्व को लेकर क्षेत्रीय कूटनीति में हलचल तेज हो गई है। काठमांडू में प्रधानमंत्री बालेन शाह के नेतृत्व वाली सरकार के कुछ हालिया रुख को लेकर भारत के साथ संबंधों में तनाव की चर्चाएं बढ़ गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री का प्रस्तावित नेपाल दौरा, जो 11 मई को होना था, अचानक टाल दिया गया। इसे कूटनीतिक हलकों में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब नेपाल की ओर से कैलाश मानसरोवर यात्रा से जुड़े मुद्दों और कुछ बयानबाजी को लेकर असहजता की स्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच संवाद की गति पर इसका प्रभाव पड़ा है।

# राष्ट्रवाद का सबसे जटिल विरोधाभासी संक्रमण काल।

**संवैधानिक मूल्यों का स्खलन।**

वर्तमान समय में राष्ट्रवाद अपने सबसे जटिल, विरोधाभासी और बहुअर्थी दौर से गुजर रहा है, यह वह राष्ट्रवाद नहीं रह गया है जो स्वतंत्रता आंदोलन



के दौरान त्याग, नैतिक साहस, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का प्रतीक था, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रवाद बनता जा रहा है जिसे बार-बार सत्ता की भाषा में परिभाषित किया जा रहा है, आज राष्ट्र सरकार का पर्याय बनने की ओर अग्रसर है और सरकार की आलोचना को राष्ट्रविरोध के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, यही वह बिंदु है जहाँ राष्ट्रवाद अपनी आत्मा खोने लगता है और लोकतंत्र अपने आधार, आज जब चुनावी सभाओं, टीवी स्टूडियो और सोशल मीडिया मंचों पर राष्ट्रवाद को धर्म, जाति, सैन्य शक्ति और भावनात्मक उन्माद के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या राष्ट्र प्रेम का अर्थ केवल सत्ता के समर्थन तक सीमित रह गया है, हाल के वर्षों में यह स्पष्ट रूप से देखा गया है कि आतंकी घटनाओं, सीमा विवादों, सैन्य अभियानों और ऐतिहासिक स्मृतियों का चयनित उपयोग कर भावनात्मक ध्रुवीकरण को तेज किया गया है, असहमति को राष्ट्रद्रोह, प्रश्न को साजिश और आलोचना को देश के खिलाफ खड़े होने का प्रमाण बताया गया है, यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्रों के भीतर उभरते अति राष्ट्रवाद का साझा संकट है, अमेरिका में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास, रूस में सत्ता केंद्रित राष्ट्रवाद, चीन में सर्वव्यापी राज्य और एशिया व अफ्रीका में सैन्य प्रभुत्व की राजनीति यह संकेत देती है कि राष्ट्रवाद अब नागरिकों को सशक्त करने के बजाय उन्हें नियंत्रित करने का माध्यम बनता जा रहा है, भारत जैसे विविधता से भरे समाज में यह परिवर्तन और भी खतरनाक है क्योंकि यहाँ राष्ट्र का अर्थ बहुलता, सहअस्तित्व और संवैधानिक संतुलन से जुड़ा रहा है, किंतु वर्तमान राजनीतिक विमर्श में बहुलता को कमजोरी और असहमति को बाधा के रूप में चित्रित किया जा रहा है, सत्ता की निरंतरता के लिए जातिगत समीकरणों का सूक्ष्म लेकिन आक्रामक उपयोग, धार्मिक पहचान का राजनीतिकरण और लोकलुभावन योजनाओं की होड़ लोकतंत्र को तात्कालिक लाभ की राजनीति में कैद कर रही है।

मुफ्त उपहार, नकद हस्तांतरण और प्रतीकात्मक घोषणाएँ जनता को क्षणिक संतोष तो देती हैं लेकिन दीर्घकालिक आर्थिक अनुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्थागत सुधार जैसे मूल प्रश्नों को हाशिए पर धकेल देती हैं, लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन को कमजोरी नहीं बल्कि शक्ति माना जाता है, किंतु आज सत्ता को स्थायित्व और राष्ट्रहित को सत्ता की निरंतरता से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को वैधता मिलने लगती है, हाल के वर्षों में दलबदल की बढ़ती घटनाएँ, विचारधारा से अधिक सत्ता की प्राथमिकता और राजनीतिक दलों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र का क्षरण यह दशार्ता है कि राजनीति सिद्धांत से नहीं बल्कि अवसर से संचालित हो रही है, जातिवादी मतदान और पहचान आधारित ध्रुवीकरण के कारण खाप पंचायतों जैसी समानांतर सत्ता संरचनाएँ पुनः सामाजिक स्वीकृति पाने लगी हैं, जो संवैधानिक लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के संवैधानिक आदर्शों के बावजूद धार्मिक आस्थाओं के नाम पर नीतिगत हस्तक्षेप और व्यक्तिगत जीवनशैली पर नियंत्रण यह प्रश्न उठाता है कि राष्ट्रवाद कहीं नागरिक स्वतंत्रताओं का शत्रु तो नहीं बनता जा रहा, पशु व्यापार, भोजन की पसंद और सांस्कृतिक व्यवहार जैसे विषय जब राज्य के नियंत्रण का विषय बनते हैं तब लोकतंत्र का स्वरूप धीरे-धीरे नैतिक निगरानी में बदलने लगता है। अति राष्ट्रवाद का सबसे खतरनाक पक्ष यह है कि वह भय पैदा करता है, भय बाहरी शत्रु का, भय आंतरिक दुश्मन का और भय असहमति का, और भय जब राजनीति का आधार बनता है तब लोकतंत्र केवल चुनावी औपचारिकता बनकर रह जाता है, इतिहास साक्षी है कि बीसवीं सदी में जर्मनी, इटली और स्पेन में इसी भय आधारित राष्ट्रवाद ने फासीवाद को जन्म दिया, एशिया में पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया में सुरक्षा और राष्ट्ररक्षा के नाम पर सैन्य प्रभुत्व लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करता रहा है।भारत में भी यदि राष्ट्रवाद को केवल सैन्य शक्ति, बहुमत की भावना और नेता-केंद्रित आस्था से जोड़ा गया तो यह संविधान द्वारा प्रदत्त संतुलन को कमजोर करेगा, लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं बल्कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, संस्थाओं की स्वायत्तता और कानून के समक्ष समानता का नाम है, किंतु वर्तमान विमर्श में बहुमत को अंतिम सत्य और संख्या को नैतिक वैधता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, मीडिया के एक बड़े हिस्से द्वारा सत्ता समर्थक राष्ट्रवादी नैरेटिव का प्रसार, सोशल मीडिया पर ट्रोल संस्कृति और चयनित सूचना का उग्र प्रसार लोकतांत्रिक संवाद को संकीर्ण और आक्रामक बना रहा है। ऐसे समय में सिविल सोसाइटी, लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद और न्यायिक संस्थाओं की भूमिका निर्णायक हो जाती है, यदि यह वर्ग चुप रहता है तो लोकतंत्र धीरे-धीरे आत्मसमर्पण कर देगा, राष्ट्रवाद का पुनर्पाठ आवश्यक है जहाँ राष्ट्र सरकार से बड़ा हो, संविधान सत्ता से ऊपर हो और नागरिक की गरिमा सर्वोपरि मानी जाए, राष्ट्र प्रेम का अर्थ प्रश्न करना, जवाबदेही माँगना और संस्थाओं को मजबूत करना भी होना चाहिए, न कि केवल नारे लगाना और भीड़ का हिस्सा बन जाना। तात्कालिक लोकप्रियता, भावनात्मक ध्रुवीकरण और सत्ता लोलुपता के स्थान पर दीर्घकालिक नीतिगत दूरदर्शिता, सामाजिक संतुलन और संवैधानिक नैतिकता को केंद्र में लाना ही लोकतंत्र को बचा सकता है, अन्यथा राष्ट्रवाद का यह बदला हुआ रूप राष्ट्र को जोड़ने के बजाय उसे भीतर से खोखला करता चला जाएगा और इतिहास एक बार फिर हमें चेतावनी देगा कि लोकतंत्र का पतन अचानक नहीं बल्कि तालियों, नारों और मौन के बीच धीरे-धीरे होता है।

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,स्तंभकार, चिंतक, लेखक,रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,पीडीए ने इन्हें जोड़ा था, लेकिन हिंदू एकता का नारा इन सबको लपेट सकता है। अखिलेश को सतर्क रहना होगा। नया नैरेटिव गढ़ना पड़ेगा। शायद किसान मुद्दे उठाएं या युवाओं को नौकरी का वादा करें। राजनीति का खेल अनिश्चित है। पश्चिम बंगाल ने एक संकेत दिया है। उत्तर प्रदेश में क्या होगा, समय बताएगा। वोटर ही राजा है। उसकी सोच बदलेगी, तो फामूर्ले भी बदलेंगे।

**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक,स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# बहु त कठिन है डगर पनघट की

**– महेन्द्र तिवारी**



तमिलनाडु की राजनीतिक में वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों ने एक ऐसी पटकथा लिख दी है जिसकी कल्पना पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के दिग्गजों ने कदाचित ही की होगी। सिनेमा के पर्दे से निकलकर जननायक बनने की राह पर अग्रसर थलपति विजय और उनकी नवगठित राजनीतिक शक्ति तमिलगा वेत्री कड़गम ने राज्य के दशकों पुराने द्विध्रुवीय राजनीतिक ढांचे को झकझोर कर रख दिया है। यह चुनाव मात्र सत्ता के हस्तांतरण का माध्यम नहीं रहा बल्कि इसने तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक मानस में गहरे पैठ बना चुके द्रविड़ गौरव और परिवर्तन की आकांक्षा के बीच एक नए संघर्ष को जन्म दिया है। विजय की पार्टी ने अपनी पहली ही चुनावी परीक्षा में 108 सीटों पर विजय पताका फहराकर सबको विस्मित कर दिया किंतु लोकतंत्र के कठोर गणित ने उन्हें सत्ता की दहलीज पर लाकर एक अनिश्चितता के भंवर में खड़ा कर दिया है। 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा में पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के लिए 118 का जादुई आंकड़ा अनिवार्य है और विजय की सेना इस लक्ष्य से मात्र 10 कदम दूर रह गई है। यह 10 सीटों की दूरी वर्तमान में तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा और जटिल प्रश्न बन गई है जिसने राज्य के भविष्य को अनिश्चितता के बादलों से घेर लिया है। विजय के समक्ष उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण करें तो सबसे पहली बाधा स्वयं उनकी जीत के तकनीकी स्वरूप से उपजी है। विजय ने अपनी लोकप्रियता को सिद्ध करने हेतु दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ा और दोनों ही स्थानों पर विजय प्राप्त की। यद्यपि यह उनके व्यक्तिगत प्रभाव का प्रमाण है परंतु संवैधानिक नियमों के अनुसार उन्हें एक सीट से त्यागपत्र देना होगा। इस प्रक्रिया के पश्चात उनकी पार्टी की प्रभावी सदस्य संख्या 107 रह जाएगी जिसका सीधा अर्थ यह है कि अब उन्हें बहुमत सिद्ध करने के लिए 11 और सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। संख्याबल का यह सूक्ष्म अंतर किसी भी राजनीतिक दल के लिए सामान्य परिस्थितियों में सरल हो सकता था परंतु तमिलनाडु की वर्तमान घेराबंदी ने इसे अत्यंत दुष्कर बना दिया है। विजय के समर्थन में कांग्रेस के 8 विधायक और वामपंथी दलों के 2 विधायक खड़े दिखाई दे रहे हैं जिससे यह कुल आंकड़ा 117 तक पहुंचता हुआ प्रतीत होता है। फिर भी बहुमत के लिए आवश्यक 118 के आंकड़े तक पहुंचने के लिए अंतिम एक सदस्य का समर्थन जुटाना उनके लिए हिमालय लांघने जैसी चुनौती बन गया है। राजनीति में शत्रु का शत्रु मित्र होता है और यह उक्ति इस समय तमिलनाडु में चरितार्थ होती दिख रही है। दशकों तक एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एक नए और प्रभावशाली विकल्प के उदय से सशंकित हैं। सत्ता के गलियारों में यह सुगबुगाहट तीव्र है कि ये दोनों ही स्थापित शक्तियां एक नवागंतुक को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए गुप्त रणनीतियों पर कार्य कर रही हैं। वे जानते हैं कि यदि विजय एक बार सत्तासीन हो गए तो राज्य में उनके वर्चस्व का सूर्य सदा के लिए अस्त हो सकता है। यही कारण है कि छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों को अपने पाले में बनाए रखने के लिए विपक्षी खेमों द्वारा साम, दाम, दंड और भेद का खुला प्रयोग किया जा रहा है। अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम जैसे छोटे राजनीतिक समूहों ने विजय की पार्टी पर फर्जी दस्तावेजों और अनैतिक दबाव के आरोप लगाकर इस राजनीतिक युद्ध को कानूनी गलियारों तक खींच लिया है। इन आरोपों ने न केवल विजय की छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया है बल्कि गठबंधन की प्रक्रिया में भी अवरोध उत्पन्न कर दिए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में राजभवन की भूमिका अत्यंत निर्णायक और संवैधानिक मयार्दाओं से बंधी हुई है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने सरकार गठन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने से इनकार कर दिया है। राजभवन का स्पष्ट मत है कि केवल मौखिक दावों या संख्या बल के प्रदर्शन मात्र से सरकार गठन का निमंत्रण नहीं दिया जा सकता। राज्यपाल महोदय ने विजय के समक्ष यह शर्त रख दी है कि उन्हें समर्थन देने वाले प्रत्येक विधायक का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना और उनके हस्ताक्षरित समर्थन पत्रों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य होगा। संवैधानिक प्रावधानों की यह कठोरता विजय के लिए एक बड़ी बाधा सिद्ध हो रही है क्योंकि गठबंधन के घटक दलों के भीतर भी असंतोष के स्वर उभरने की आशंका बनी रहती है। विधायकों की बाड़ेबंदी और उन्हें विपक्षी प्रलोभनों से बचाकर रखना विजय के नेतृत्व की सबसे बड़ी परीक्षा है। यदि वे अपने कुनबे को सुरक्षित रखते हुए राज्यपाल को संतुष्ट करने में विफल रहते हैं तो राज्य में एक गहरा संवैधानिक संकट उत्पन्न हो सकता है।

समय की सुइयां विजय के विरुद्ध अत्यंत तीव्र गति से चल रही हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 10 मई 2026 को समाप्त हो रहा है और इस समय सीमा से पूर्व एक वैध सरकार का गठन न होना लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। यदि आगामी कुछ घंटों के भीतर राजनीतिक गतिरोध नहीं टूटता और समर्थन का विश्वसनीय स्वरूप उभरकर सामने नहीं आता तो राज्यपाल के पास अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन की संस्तुति करने के अतिरिक्त कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। तमिलनाडु जैसे राजनीतिक रूप से जागरूक राज्य के लिए राष्ट्रपति शासन का लागू होना एक पीछे की ओर कदम होगा जिसे कोई भी दल अपने माथे पर कलंक के रूप में नहीं देखना चाहेगा। विजय के लिए संकट यह है कि उन्हें न केवल बाहर से समर्थन जुटाना है बल्कि अपनी पार्टी के भीतर उन महत्वाकांक्षाओं को भी नियंत्रित करना है जो सत्ता के इतने निकट आकर स्वाभाविक रूप से जागृत हो जाती हैं।

तमिलनाडु की जनता ने विजय को एक विशाल जनादेश तो दिया है परंतु वह जनादेश खंडित है। जनता परिवर्तन चाहती थी और उसने विजय के रूप में उस विकल्प को चुना भी लेकिन संख्याबल की कमी ने उस परिवर्तन की राह में कांटे बो दिए हैं। विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे खरीद-फरोख्त के आरोपों ने इस पूरे लोकतांत्रिक उत्सव को विवादों के घेरे में ला दिया है। विजय के समर्थक जहां इसे लोकतंत्र की हत्या और जनादेश का अपमान बता रहे हैं वहीं विपक्षी खेमा इसे सिद्धांतों की लड़ाई करार दे रहा है। सत्य इन दोनों के मध्य कहीं स्थित है। वास्तव में यह एक नए युग के आगमन और पुराने युग के अवसान के बीच की संधि बेला है जहां संघर्ष अपरिहार्य है। विजय को अब केवल एक फिल्म अभिनेता की लोकप्रियता के सहारे नहीं बल्कि एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ की दूरदर्शिता और धैर्य के साथ इस चक्रव्यूह को भेदना होगा।

अंतिम निष्कर्ष की ओर बढ़ते हुए यह स्पष्ट है कि विजय की चुनौतियां केवल संख्या जुटाने तक सीमित नहीं हैं। यदि वे किसी प्रकार बहुमत सिद्ध कर भी देते हैं तो उनके सामने एक अस्थिर सरकार चलाने की चुनौती होगी जो निरंतर सहयोगियों के दबाव में रहेगी। एक भी विधायक का इधर से उधर होना सरकार के स्थायित्व को खतरे में डाल सकता है। इसके अतिरिक्त राज्य की आर्थिक स्थिति, सामाजिक मुद्दे और प्रशासनिक सुधारों की लंबी सूची उनका प्रतीक्षारत है। तमिलनाडु के लोग अब सिनेमाई संवादों से ऊपर उठकर ठोस परिणाम चाहते हैं। विजय के लिए यह 118 का आंकड़ा केवल सत्ता की चाबी नहीं है बल्कि यह उनकी विश्वसनीयता और राजनीतिक भविष्य का निर्णायक मानदंड भी है। आने वाले कुछ घंटे तमिलनाडु के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे या फिर एक अधूरे स्वप्न की गाथा बनकर रह जाएंगे यह पूरी तरह से विजय की कूटनीतिक कुशलता पर निर्भर करता है। राज्य की जनता सांसें रोककर राजभवन की ओर देख रही है जहां से निकलने वाला एक निर्णय तमिलनाडु की अगली पांच वर्षों की दिशा तय करेगा। क्या थलपति विजय इस विषम परिस्थिति में अपनी विजय गाथा को पूर्ण कर पाएंगे या फिर सत्ता की दहलीज पर आकर यह सफर थम जाएगा यह देखना शेष है। राजनीति संभावनाओं का खेल है और इस खेल में विजय का अगला कदम ही उनकी वास्तविक विरासत को परिभाषित करेगा।

**भारत — मेडिकल टूरिज्म नहीं, स्वास्थ्य पुनर्जागरण का भारतीय मंदिर**

# जहां विज्ञान और प्रकृति एक ही भाषा बोलते हैं – वह है आयुष भारत

## स्वास्थ्य क्रांति के नए युग में आयुष बना भारत का वैश्विक आधार




स्वास्थ्य क्रांति के वैश्विक मानचित्र पर भारत अब निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। दुनिया जहां महंगे इलाज और सीमित सुविधाओं से जूझ रही है, वहीं भारत किफायती, गुणवत्तापूर्ण और समग्र चिकित्सा का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। प्राचीन आयुष परंपरा और आधुनिक चिकित्सा तकनीक का संगम इसे विशिष्ट पहचान देता है। 2025 में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल बाजार लगभग 8.7 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 16.2 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भारत के वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व के उदय का स्पष्ट संकेत है। भारत अब सिर्फ इलाज का विकल्प नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद वैश्विक चिकित्सा गंतव्य बनता जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में किफायत और गुणवत्ता का संतुलन बनाकर भारत एक नई परिभाषा स्थापित कर रहा है। अमेरिका और यूरोप की तुलना में यहां हृदय बाईपास, कैंसर उपचार, हिप-नी रिप्लेसमेंट, अंग प्रत्यारोपण और आईवीएफ जैसी जटिल प्रक्रियाएं 60 से 90 प्रतिशत तक कम खर्च में उपलब्ध हैं। यही कारण है कि भारत अब ह्लसस्ता विकल्पह्व नहीं, बल्कि ह्लसर्वोत्तम मूल्यह्व वाला देश बन चुका है। जेसीआई और एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल, आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टर विदेशी मरीजों का विश्वास लगातार बढ़ा रहे हैं। 2025 में 9.15 मिलियन विदेशी पर्यटकों में से लगभग 5.07 लाख मरीज उपचार के लिए भारत आए, जो इसकी बढ़ती चिकित्सा विश्वसनीयता को दशार्ता है। यह प्रवृत्ति हर वर्ष तेज गति से आगे बढ़ रही है।

प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम भारत की सबसे बड़ी शक्ति बन रहा है। आयुष प्रणाली अब केवल वेलनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि गंभीर रोगों के बाद तेजी से रिकवरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, क्रॉनिक बीमारियों के प्रबंधन और मानसिक तनाव में राहत देने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र हैं। यूनियन बजट 2026-27 में पाँच क्षेत्रीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की घोषणा की गई है, जहां आधुनिक चिकित्सा और आयुष सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध होंगी। साथ ही तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे। यह समन्वय भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

नीतिगत दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी ने भारत को वैश्विक हेल्थकेयर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार दिया है। आयुष वीजा और ह्लहील इन इंडियाह्व पोर्टल ने विदेशी मरीजों के लिए उपचार प्रक्रिया को सरल और सुगम बना दिया है। गुजरात के जामनगर में स्थित डब्ल्यूएचओ ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर आयुष को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्रदान कर रहा है। हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और कोच्चि जैसे शहर मेडिकल टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। यहां आधुनिक अस्पतालों के साथ योग और पुनर्वास सुविधाएं भी विकसित हो रही हैं। सर्जरी के बाद मरीज आयुर्वेदिक थेरेपी से तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं, जिससे भारत की विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हो रही है।

दुनिया भर में बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताएं भारत के मॉडल को तेजी से लोकप्रिय बना रही हैं। विकसित देशों में बढ़ती इलाज लागत, लंबी प्रतीक्षा सूची और दवाओं के दुष्प्रभाव मरीजों को भारत की ओर आकर्षित कर रहे हैं। बांग्लादेश, अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया से लाखों मरीज भारत में किफायती और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें केवल इलाज ही नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य सुधार का अनुभव मिलता है। भारत का यह मॉडल इलाज, रोकथाम, पुनर्वास और जीवनशैली संतुलन को जोड़कर भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली का मार्ग तैयार कर रहा है। यह बदलाव वैश्विक स्वास्थ्य दृष्टि को नई दिशा दे रहा है।

भारत का यह सफर आर्थिक विकास, सांस्कृतिक गौरव और मानवीय सेवा को एक साथ सशक्त कर रहा है। देश का स्वास्थ्य ढांचा अब केवल उपचार प्रणाली नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति का मजबूत आधार बन चुका है। प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम यह संदेश देता है कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल इलाज नहीं, बल्कि संतुलित जीवनशैली है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम, आयुष क्वालिटी मार्क और मेडिकल डिवाइस उद्योग के विस्तार से भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह क्षेत्र रोजगार और निर्यात का बड़ा स्रोत बन रहा है। यदि यह गति बनी रही, तो 2030 तक भारत वैश्विक हेल्थकेयर हब बनने के साथ समग्र और किफायती स्वास्थ्य समाधान का अग्रणी केंद्र होगा। यह प्रगति भारत को एक सशक्त वैश्विक स्वास्थ्य शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख उसे वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रमुख स्थान दिला रही है। किफायती, भरोसेमंद और समग्र चिकित्सा सेवाओं के कारण यह विदेशी मरीजों के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। मेडिकल टूरिज्म से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं। अस्पताल, शोध संस्थान, योग केंद्र और वेलनेस सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहे हैं। यह उपलब्धि केवल स्वास्थ्य क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व के लक्ष्य का ठोस प्रमाण है, जो देश को नई वैश्विक पहचान दे रही है। यह बदलाव भारत को भविष्य की स्वास्थ्य महाशक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है।

दुनिया की स्वास्थ्य व्यवस्था अब एक निर्णायक बदलाव के मुहाने पर भारत की ओर मुड़ती दिखाई दे रही है। यहां का मॉडल केवल उपचार की प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और समग्र रूप से संवारने वाली गहरी दृष्टि है। सस्ती, सुलभ चिकित्सा और आयुष की प्राचीन ज्ञान परंपरा इसे अलग पहचान देती है। ह्यहील इन इंडियाह्ण पहल, आयुष वीजा और निजी क्षेत्र की भागीदारी इस गति को लगातार मजबूत कर रही है। ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व की यह शक्ति वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में नई उम्मीद और ऊर्जा भर रही है। आने वाले समय में भारत न सिर्फ उपचार का केंद्र बनेगा, बल्कि मानवता के लिए भरोसे, स्वास्थ्य और आशा का स्थायी आधार भी सिद्ध होगा। यह यात्रा भारत को विश्व कल्याण के नए युग का वास्तविक शिल्पकार बना रही है।



**प्रो. आरके जैन “अरिजीत”**
**शिक्षाविद् बड़वानी (मप्र)**

# पुष्कर में तपस्या

*धधकती धूनी, तपता गगन,*
*मौन साधना में लीन है तन।*
*राख में लिपटी आँखें है बंद,*
*मन पहुँचा किसी और छंद।*

*विदेशी होकर भी अपनापन,*
*भारत की 'मिट्टी' का स्पंदन।*
*अग्नि-ज्वाला 'संग' बैठी वह,*
*ढूँढते रही भीतर का जीवन।*

*ना शब्दों का यहाँ कोई शोर,*
*ना 'इच्छाओं' का कोई छोर।*
*केवल तप, त्याग और ध्यान,*
*जग से दूर, आत्मा का ज्ञान।*

*अब सूरज भी झुककर देखे,*
*कैसा है यह कठिन विधान।*
*पुष्कर में 21 दिनी 'तपस्या',*
*नहीं चिंता क्या हो परिणाम।*

*(संदर्भ - खड़ेश्वरी तपस्या करती रूस की साधिका)*



*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*
*मो. 98260 25986*

*(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)*

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 13 मई को विकास भवन के सभागार में आयोजित होगा किसान दिवस कार्यक्रम

**किसानों की समस्याओं के समाधान और आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी पर रहेगा विशेष जोर**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 08 मई 2026। जिले में कृषि से संबंधित समस्याओं के समाधान और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी किसान दिवस कार्यक्रम 13 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में होगा।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस माह यह बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के सभी प्रगतिशील किसान भाग लेकर अपने-अपने गांवों की समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इससे किसानों को उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत कृषि प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के लिए जागरूक किया जाएगा, जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि हो सके।

किसान दिवस में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। किसानों की सुविधा के लिए विस्तृत जानकारी हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय के विषय वस्तु विशेषज्ञ राजकिशोर से मोबाइल नंबर 8448211463 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पत्रकार बंधु भी बनें "भारत की जनगणना 2027" अभियान का हिस्सा, अवश्य करें स्व-गणना

# 07 से 21 मई तक चल रहा विशेष स्व-गणना एवं जन-जागरूकता अभियान

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 08 मई 2026। भारत सरकार द्वारा संचालित "भारत की जनगणना 2027" के अंतर्गत 07 मई से 21 मई 2026 तक 14 दिवसीय विशेष स्व-गणना एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी पत्रकार बंधुओं से विशेष अपील की है कि वे स्वयं स्व-गणना कर इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।

स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल https://se.census.gov.in के माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बताई गई है।

प्रशासन की ओर से अनुरोध किया गया है कि स्व-गणना पूर्ण करने के बाद अपनी फोटो सहायक निदेशक सूचना के व्हाट्सएप नंबर 9918966505 पर प्रेषित करें, ताकि जनपद स्तर पर इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

अधिकारियों के अनुसार यह अभियान नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें और "जनगणना 2027" को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# सऊदी अरब में विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर

**सेवायोजन विभाग ने योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए, पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 09 मई 2026। विदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। जिला सेवायोजन विभाग की ओर से सऊदी अरब में विभिन्न पदों पर श्रमिकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है।

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत निर्माण क्षेत्र एवं अन्य श्रेणियों में योग्य श्रमिकों को विदेश भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत फैब्रिकेशन सुपरवाइजर, मैकेनिकल हेल्पर, पाइप फैब्रिकेटर, नर्स और सहायक नर्स सहित कई पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आवेदकों के लिए 25 से 45 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही कम से कम तीन वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट होना अनिवार्य है। अन्य शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के बाद ही आवेदन प्रक्रिया में भाग लिया जा सकेगा।

उन्होंने जनपद के संबंधित ट्रेड के निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्र पंजीकरण कर इस अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई (आरआई सेंटर), ग्राम झुंडपुरा, सेक्टर-11 नोएडा या हेल्पलाइन नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है। सौजन्य सेः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# सीडीपीओ ने दनकौर के गांवों में जांची स्वास्थ्य सेवाएं, मातृ वंदना योजना को सफल बनाने का आह्वान

**सिरसा, घंगोला और कुलीपुरा में वीएचएसएनडी सत्रों का औचक निरीक्षण, पोषण व टीकाकरण पर दिया जोर**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 09 मई 2026। दनकौर ब्लॉक के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) द्वारा आज ग्राम सिरसा, घंगोला और कुलीपुरा में चल रहे वीएचएसएनडी (वीएचएसएनडी) सत्रों का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को देखा और संबंधित कार्यकत्रियों को सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर जोर देते हुए कहा कि प्रथम गर्भवती महिलाओं, पहली संतान तथा दूसरी संतान बालिका के लिए निर्धारित लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर लंबित सभी पंजीकरणों को शीघ्र पूरा कर लाभार्थियों को समय से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

सीडीपीओ ने वीएचएसएनडी सत्रों में टीकाकरण और पोषण परामर्श की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नियमित निगरानी और गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है।

उन्होंने केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया, जिससे सेवाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता और शशिबाला तथा एएनएम इमलेश और मीनू राय उपस्थित रहीं। सौजन्य सेः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में संचालित खेलो इंडिया सेंटर का निरीक्षण

**उप निदेशक ने खिलाड़ियों को दिया ओलंपिक लक्ष्य तय करने का संदेश, प्रतिभा निखार पर जोर**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 09 मई 2026। मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में संचालित कुश्ती खेलो इंडिया सेंटर का निरीक्षण भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेलो इंडिया योजना के उप निदेशक शंभू यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की तैयारियों का जायजा लिया।



इस अवसर पर उप निदेशक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलो इंडिया योजना की विभिन्न सुविधाओं और उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपना लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना रखना चाहिए, तभी भारत विश्व खेल रैंकिंग में शीर्ष दस देशों में स्थान बना सकेगा।

उन्होंने खेलो इंडिया योजना की कोच अंजुम मालिक को निर्देश दिए कि कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों और महिला खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में योजना से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में उच्च स्तरीय प्रतिभाओं को तैयार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने उप निदेशक का बुके भेंट कर एवं शॉल पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर कबड्डी कोच सुमित कुमार, बास्केटबॉल कोच विजय, जिम कोच शुभम नागर तथा कार्यालय सहायक देवेंद्र कौशिक भी उपस्थित रहे। सौजन्य सेः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

## नोएडा स्टेडियम में बन रहा आधुनिक सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, अंतिम चरण में पहुंचा कार्य

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा, 09 मई 2026। सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाओं के विकास की दिशा में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे इस कार्य से खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# आईएमएस नोएडा में प्रिंसिपल मीट का आयोजन

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर हुआ मंथन, तकनीक और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-62 स्थित आईएमएस नोएडा में "प्रिंसिपल मीट 2026" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षाविद और शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच शैक्षणिक समन्वय को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श हुआ।



कार्यक्रम की शुरूआत आईएमएस नोएडा के उपाध्यक्ष चिराग गुप्ता के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल अंकों पर आधारित शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास और व्यावहारिक शिक्षा पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा क्षेत्र में बड़े परिवर्तन लेकर आएगा, इसलिए छात्रों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

आईएमएस नोएडा के सलाहकार प्रोफेसर (डॉ.) जे. के. शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा में नवाचार, तकनीक और कौशल विकास को बढ़ावा देकर ही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल परीक्षा आधारित शिक्षा नहीं, बल्कि रोजगारपरक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

कार्यक्रम में दिल्ली, फरीदाबाद, मेरठ, पंजाब, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लगभग 100 स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षा विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान शिक्षा क्षेत्र की भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की गई।

शिक्षाविदों ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि कौशल आधारित, डिजिटल और रचनात्मक शिक्षा प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय और नवाचार को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम का समापन शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर
और विज्ञापन देने
के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

# गंगा केवल एक नदी नहीं, देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय पहचान

**टीएमयू एग्रीकल्चर कॉलेज में गंगा चैंपियंस क्लब के स्वयंसेवकों और शिक्षकों का सम्मान, स्वच्छता और संरक्षण का लिया संकल्प**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस में गंगा चैंपियंस क्लब की ओर से प्रमाण-पत्र वितरण एवं सदस्य मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गंगा स्वच्छता, जन-जागरूकता रैली, घाट सफाई अभियान, वृक्षारोपण, कार्यशालाओं एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों तथा शिक्षक-स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय पहचान है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ गंगा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एवं टीएमयू एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीण जैन ने कहा कि गंगा संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संकल्प भी दिलाया गया।

इस अवसर पर गंगा चैंपियंस क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. गणेश दत्त भट्ट, क्लब की सलाहकार डॉ. सुषमा सिंह एवं डॉ. सोनाली सिंह के साथ डॉ. महेश सिंह, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. अमित कुमार मौर्य, डॉ. मनदीप रावत एवं डॉ. उपासना सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन क्लब के सक्रिय सदस्य लोचन व्यास और आनंद राज ने किया।

# स्व-गणना को लेकर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को किया गया जागरूक

**जनगणना 2027 के तहत नोएडा में स्व-गणना अभियान तेज, सभी निवासियों से सहयोग की अपील**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा, 09 मई 2026। जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से आज सेक्टर-52 स्थित फोनरवा कार्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भरसाधन अधिकारी (जनगणना 2027) इंदु प्रकाश सिंह द्वारा फोनरवा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को स्व-गणना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने सेक्टरों में सभी घरों तक स्व-गणना की प्रक्रिया को पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को इसमें भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

अधिकारियों ने बताया कि नोएडा क्षेत्र में जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। सभी नागरिक स्वयं www.se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।



इस पहल का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और नागरिकों की भागीदारी से सशक्त बनाना है। अधिकारियों ने कहा कि स्व-गणना से समय की बचत के साथ-साथ सटीक आंकड़े उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरूकता फैलाने और नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ननवा का राजपुर में हटाया अतिक्रमण

**20 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त, करीब 40 करोड़ रुपये की भूमि कराई मुक्त**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र ननवा का राजपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 हजार वर्ग मीटर जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन. जी. रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। बताया गया कि कालोनाइजर खसरा संख्या 156 एवं आसपास की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।

प्राधिकरण के अनुसार, कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलाकर पूरे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यह अभियान लगभग दो घंटे तक चला और मौके पर प्राधिकरण की सुरक्षा टीम भी मौजूद रही।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमित यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति अथवा बिना नक्शा स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके और अपनी मेहनत की कमाई सुरक्षित रखी जा सके।



प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि संबंधित जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश लंबे समय से चल रही थी, जिसे अब पूरी तरह हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है।

इस कार्रवाई में भूलेख विभाग के अधिकारी रामनयन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने दोबारा अतिक्रमण करने की स्थिति में सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# टूर पैकेज के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, रेंजर्स क्लब के तीन निदेशक गिरफ्तार

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा। थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए टूर पैकेज बुक कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मॉल सेक्टर-32 नोएडा से "रेंजर्स क्लब" नामक कंपनी के तीन निदेशकों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान खान, अभय कुमार और शैलेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ये तीनों कंपनी के डायरेक्टर हैं और टूर पैकेज के नाम पर ग्राहकों को आकर्षक ऑफर देकर उनसे पैसे वसूलते थे, लेकिन बाद में वादे के अनुसार कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराते थे।





पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके हैं और इस तरीके से उन्होंने करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की है। आरोपियों ने यह भी बताया कि ग्राहकों को विश्वास दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेजों और सरकारी पहचान पत्रों का उपयोग किया जाता था।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से संबंधित फर्जी दस्तावेज, विजिटिंग कार्ड, मुहरें और समझौता ज्ञापन (एमओयू) तैयार कर ग्राहकों को दिखाए जाते थे, जिससे वे भ्रमित होकर टूर पैकेज खरीद लेते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में इमरान खान (32 वर्ष), अभय कुमार (35 वर्ष) और शैलेंद्र सिंह (38 वर्ष) शामिल हैं। तीनों के अलग-अलग स्थानों से होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने इनके कब्जे से तीन फर्जी पहचान पत्र, लगभग 180 फर्जी विजिटिंग कार्ड, 14 फर्जी मुहरें, 15 फर्जी एमओयू दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन, एक कार तथा 7100 रुपये नकद बरामद किए हैं।

इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है और अन्य संभावित पीड़ितों की पहचान भी की जा रही है।

## टुडे होम सोसाइटी में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत फीडबैक जागरूकता अभियान

**नागरिकों को फीडबैक के प्रति किया गया जागरूक, मौके पर कराया गया फीडबैक**

नोएडा, 09 मई 2026। सेक्टर-168 स्थित टुडे होम सोसाइटी में आज नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत फीडबैक जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान टीम ने निवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण में



फीडबैक की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों का फीडबैक शहर की स्वच्छता रैंकिंग और बेहतर सुविधाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अभियान के दौरान कई निवासियों ने मौके पर ही अपना फीडबैक दर्ज कराया। टीम ने लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से अपने सुझाव और प्रतिक्रिया देकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियानों का उद्देश्य नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना और स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है।

"स्वच्छ नोएडा, सुंदर नोएडा" के संदेश के साथ अभियान को आगे भी जारी रखने की बात कही गई।

# नॉलेज पार्क में हत्या का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

**मात्र 24 घंटे में दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश, अवैध हथियार बरामद**

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा (ग्रेटर नोएडा)। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार, नॉलेज पार्क तृतीय क्षेत्र स्थित निमार्णाधीन हॉस्टल में शीशपाल (पुत्र दौलत राम) और इंद्र उर्फ धर्मेंद्र (पुत्र विजयपाल) की फावड़े से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना नॉलेज पार्क में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 09 मई 2026 को गुर्जरपुर रेलवे लाइन की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से अभियुक्त अभिषेक कुमार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुआ है।

पूछताछ में आरोपी अभिषेक कुमार ने बताया कि वह, मृतक शीशपाल और इंद्र उर्फ धर्मेंद्र एक साथ नॉलेज पार्क क्षेत्र में निमार्णाधीन हॉस्टल में माली का काम करने आए थे। आरोपी ने बताया कि उसका शीशपाल से पुराना विवाद था, जो उसकी दिवंगत बहन से जुड़े संबंधों को लेकर था, जिसके कारण आपसी तनाव बना हुआ था।

आरोपी के अनुसार, उसने दोनों को शराब पिलाई और जब वे नशे में सो गए, तो फावड़े से उन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने दोनों की हत्या की बात स्वीकार की है।

गिरफ्तार आरोपी अभिषेक कुमार (24 वर्ष) मेरठ जनपद के भावनपुर थाना क्षेत्र के गढ़ रोड स्थित जयभीमनगर का रहने वाला है। पुलिस ने इस मामले में हत्या की धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पाठकपुर ने फाइनल में लहराया जीत का परचम वहीपुर को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**समाज जागरण**

बाबा भीमनाथ क्रिकेट टूनामेंट पाठकपुर के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। खिताबी मुकाबले में पाठकपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वहीपुर की टीम को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।मैच शुरू होते ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वहीपुर की टीम ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाठकपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला एकतरफा बना दिया। पाठकपुर के बल्लेबाजों ने बेहतरीन शॉट्स लगाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और टीम को शानदार जीत दिलाई।फाइनल मुकाबले के दौरान



मैदान पर भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ जुटी रही। चौके-छक्कों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जीत के बाद पाठकपुर टीम के खिलाड़ियों ने मैदान पर खुशी मनाते हुए ट्रॉफी के साथ जश्न मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज यादव और हप्पू सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का काम करती हैं। इस दौरान धर्मवीर सिंह उर्फ धाकड़, दुर्गेश यादव, अवधेश यादव, मुकेश यादव, धीरज यादव, हीरामन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बबराला में नवागत डीएम के निरीक्षण में छूटे पसीने लापरवाही में नपेगें जिम्मेदार

**समाज जागरण**

बबराला। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने शनिवार को नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य बाजार में सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क के बीच डिवाइडर बनाकर उसमें पौधरोपण कराने की बात कही, ताकि नगर की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके।

डीएम ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी परखी और अधिशासी अधिकारी से कार्य प्रगति



की जानकारी ली।

इसके बाद जिलाधिकारी कान्हा गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने संरक्षित गोवंश की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने गोवंश के लिए पर्याप्त पानी, छायादार स्थान और पंखों आदि की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में गोवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं एक गाय को अपने हाथों से पानी पिलाया। उनका यह संवेदनशील व्यवहार वहां मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने गौशाला कर्मचारियों से गोवंश के चारे, पानी और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली।

इस मौके पर एसडीएम विकास चंद्र, चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय तथा ईओ अमरेश तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ की सलमा बानो बनीं दिल्ली साकेत की भरोसेमंद स्वास्थ्यकर्मी

## सटीक जांच और बेहतर व्यवहार से मरीजों का जीत रहीं विश्वास

**समाज जागरण मुस्कान खान**

लखनऊ। मेहनत, लगन और सेवा भावना के दम पर लखनऊ की बेटी एवं सीनियर लैब टेक्नीशियन सलमा बानो (BMLT) दिल्ली के साकेत क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहचान बनकर उभरी हैं। अपनी कार्यकुशलता, जिम्मेदारी और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के चलते वह क्षेत्र के लोगों के बीच भरोसेमंद स्वास्थ्यकर्मी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। बताया जाता है कि सलमा बानो लैबोरेटरी जांच सेवाओं में आधुनिक तकनीक और सटीक कार्यप्रणाली का विशेष ध्यान रखती हैं। मरीजों को समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने और जांच में शुद्धता बनाए रखने के कारण लोगों को काफी राहत मिल रही है। उनकी



विश्वसनीय रिपोर्टिंग के चलते कई मरीजों को समय रहते सही उपचार मिल पाया, जिससे क्षेत्र में उनकी सराहना लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सलमा बानो मरीजों से बेहद विनम्रता और आत्मीयता के साथ पेश आती हैं। वह प्रत्येक मरीज की समस्या को गंभीरता से सुनकर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करती हैं। यही वजह है कि कम समय में उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में ऐसे समर्पित और ईमानदार स्वास्थ्यकर्मियों की समाज को सबसे अधिक आवश्यकता है, जो अपने पेशे को केवल नौकरी नहीं बल्कि सेवा का माध्यम मानकर कार्य करें। सलमा बानो ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से यह साबित किया है कि मेहनत और निष्ठा के बल पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने सलमा बानो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं न केवल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे रही हैं,बल्कि लखनऊ और दिल्ली साकेत क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित कर रही हैं।

# समाधान दिवस में गूंजीं फरियादियों की समस्याएं, तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण

## थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कई मामलों का तत्काल समाधान।

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान आठ शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा



आठ शिकायतें आयी तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,एसआई मनवीर सिंह,एसआई चंद्रप्रकाश गंगवार, एसआई हरवीर,एसआई जयवीर सिंह, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार,कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार,लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह,ऋषिपाल सिंह,नागेन्द्र सिंह,राकेश कुमार,संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी,लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल दीपेन्दर कुमार तथा लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

# वाहन चेकिंग अभियान में युवक गिरफ्तार, 315 बोर का तमंचा बरामद

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। पुलिस को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शुक्रवार देर शाम एक बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना क्षेत्र के जटपुरा चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ





अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम जटपुरा चेक पोस्ट पर पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की संघन जांच कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबराया हुआ दिखाई दिया, जिस पर पुलिस टीम को शक हुआ। पुलिसकर्मियों ने युवक को रोककर पूछताछ की और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा बताया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि आरोपी मोहित कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान इस अवसर पर उपनिरीक्षक हरवीर सिंह, कांस्टेबल अश्विनी चौधरी तथा कांस्टेबल मुनेश कुमार मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर देशभक्ति से ओतप्रोत हुआ कार्यक्रम, छात्रों ने बांधा समां

## महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : राजीव कुमार गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत कर उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया।



विद्यालय परिसर महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार गुप्ता ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में बिताया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी महाराणा प्रताप ने कभी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की और स्वतंत्रता तथा सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। मुख्य वक्ता ओमकार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं बल्कि आदर्श शासक और राष्ट्रभक्त भी थे। हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। मानवी चौहान, लवकुश, ध्रुव कुमार,अक्षय प्रताप सिंह, देव कुमार,खुशी कुमारी और निशा समेत अन्य विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया।विद्यार्थियों ने बताया कि हल्दीघाटी युद्ध के बाद जब महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब उनके परम सहयोगी एवं मंत्री भामाशाह ने अपना समस्त धन राष्ट्र और सेना निर्माण के लिए समर्पित कर दिया था। इस प्रसंग ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका त्याग, संघर्ष और देशप्रेम सदैव लोगों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मनोज शर्मा,आनंद भूषण यादव,अरीश कुमार, कल्याण सिंह,अनिल कुमार सहित विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत संपन्न हुई

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक नजीबाबाद कि मासिक पंचायत वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मदन चौहान की अध्यक्षता में गन्ना समिति मे संपन्न हुई, बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने किया।

बैठक में बिजली की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, स्मार्ट मीटर का विरोध किया, गेहूं क्रय केंद्र पर किसानों के गेहूं की खरीद सही तरीके से हो, खराब सड़कों की



मरम्मत कराई जाए, नहरों में पानी छोड़ा जाए, गुलदार तेंदुआ से बचाव के उचित प्रबंध किया जाए।

अवनीश कुमार,अजय कुमार,सोनू, अर्जेन्द्र सिंह, अनिल चौहान जिला सचिव, रामेंद्र सिंह, पप्पू, सत्यपाल सिंह,सूरज, योगेन्द्र सिंह पोला, रोहित,सुनील, सत्यम, सोमवीर, बब्बू,साजिद ,विजय बांटी, विजय, आदि मौजूद रहे

# सहानपुर पुलिस चौकी के पास मिले गोवंश के अवशेष, बजरंग दल कार्यकताओं में भारी रोष

**समाज जागरण मुस्कान खान**

बिजनौर। नजीबाबाद क्षेत्र स्थित सहानपुर पुलिस चौकी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर शुक्रवार सुबह गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे अमरोहा से केदारनाथ की पदयात्रा पर जा रहे श्रद्धालु अनुज कुमार को सहानपुर चौकी के समीप तेज दुर्गंध महसूस हुई। जब उन्होंने आसपास जाकर देखा तो सड़क किनारे गोवंश के अवशेष पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बजरंग दल के स्थानीय कार्यकताओं को दी।

सूचना मिलते ही नजीबाबाद प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को



देखते हुए थाना अध्यक्ष एवं क्षेत्राधिकारी (सीओ) भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

पुलिस प्रशासन ने बजरंग दल कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि मामले में शामिल आरोपियों की जल्द पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल पर जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, प्रखंड संयोजक पियूष बजरंगी, बालोपासना प्रमुख सचिन पहलवान, साप्ताहिक मिलन प्रमुख कृष्णा प्रजापति, विद्यार्थी सह प्रमुख सोंटी बजरंगी, अजय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# दाऊ दयाल महिला विद्यालय की छात्राओं ने अपना घर आश्रम पहुंचकर बेसहारा लोगों का जाना हाल।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अपना घर आश्रम में रहने वाले मंदबुद्धि लाचार बेसहारा लावारिस प्रभुजी को शनिवार की दोपहर दाऊ दलाल महिला की छात्राओं ने आश्रम में रहने वाले मंदबुद्धि लाचार लोगों से मुलाकात की और उनसे जानकारी ली आश्रम के अनिल लहरी ने सभी छात्रों को आश्रम के प्रभु जी के जानकारी देते हुए कहा कि ये वो लोग हैं जो अपनी याददाश्त खोए हुए है लावारिस बेसहारा मंदबुद्धि लाचार है जिन्हें



बीमारी के समय खाना तो दूर की बात ही पानी भी नसीब नहीं होता एसे प्रभुजी को आश्रम में निशुल्क रहने खाना की व्यवस्था है इनका हर महीने स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है इनकी याददाश्त आने पर इन्हें उनके परिवार वालों को सुपुर्द किया जाता है आश्रम अभी 7 साल में लगभग 200 प्रभुजी को ठीक कराकर उनके परिवार के सुपुर्द कर चुके हैं छात्रों ने सभी प्रभुजी को फल वितरित किए .और आश्रम को देख बहुत प्रभावित हुए।

# थाना नसीरपुर में आयोजित 'समाधान दिवस' में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जन-समस्याएं।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुसार जन-शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आज जनपद के थाना नसीरपुर में "समाधान दिवस" का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

समाधान दिवस के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कुल दर्जनों मामले सामने आये जिनमें सर्वाधिक संख्या भूमि विवाद और अवैध कब्जों से जुड़ी रही। ग्राम गुढ़ा निवासी रामश्री पत्नी रामप्रकाश ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि विपक्षीगणों द्वारा उनके बैनामाशुदा मकान पर बाउंड्रीवाल निर्माण में अवैध रूप से बाधा उत्पन्न की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी



(एसडीएम) सिरसागंज और थाना प्रभारी नसीरपुर को संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर पैमाइश करने और नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने उपस्थित राजस्व कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि "जमीन से संबंधित पुराने विवादों में पुलिस और राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाए। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और शांति व्यवस्था बनी रहे।"

वरिष्ट पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि "दबंगई करने वाले और शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाये यदि कोई व्यक्ति वैध निर्माण कार्य में बाधा डालता है, या धमकी देता है, तो उस पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाये। समाधान दिवस में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष लंबित प्रकरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी।

# लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोशीला स्वागत।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जसराना क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रख्यात समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा राजस्थान प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर ग्राम पंचायत टांडा पाडम क्षेत्र जसराना में आज प्रथम आगमन हेतु भव्य स्वागत सम्मान किया गया जिसमें समाजसेवी लोधी देवेंद्र सिंह ने समाज में हो रही कुरीतियों को रोकने पर एवं शिक्षा व रोजगार पर विस्तृत चर्चा कर समस्त





क्षेत्रवासियों को संबोधित किया जिसमें समस्त क्षेत्रवासियों ने उनका पुरजोर समर्थन किया की इसी बीच अनिल राजपूत, राकेश प्रधान ,रामेश्वर राजपूत,मुकेश राजपूत,विजेंद्र सिंह वर्मा,दिनेश राजपूत,योगेश राजपूत एवं ग्राम पंचायत टांडा के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जनपद मुख्यालय परिसर में जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमे जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अनुभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया,इस दौरान जिला अधिकारी ने स्वयं नालियों की सफाई की, जिससे प्रेरित होकर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे और अन्य पटल सहायकों ने भी सफाई अभियान में योगदान दिया, सफाई के दौरान विकास भवन के सामने स्थित गड्ढ़े को भरने और कलेक्ट्रेट में जगह-जगह कूड़ा दान रखने की बात



जिलाधिकारी ने कही, सफाई के दौरान कार्यालय के भीतर अनुपयोगी फाइलों के निस्तारण और पुराने रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यस्थल का वातावरण बेहतर हो सके, उन्होंने निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखा जाए।

अंत में जिलाधिकारी ने यह संदेश देते हुए कहा कि "स्वच्छता केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए"। एक स्वच्छ वातावरण ही सकारात्मक कार्य संस्कृति को जन्म देता है। इस दौरान उप जिलाधिकारी अब्बास हसन नकवी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय सहित समस्त कलेक्ट्रेट कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# मातृ दिवस महात्मा गांधी इंगलिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल, में मनाया गया।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शनिवार को महात्मा गांधी इंगलिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल, स्टेशन रोड फिरोजाबाद में Mother's Day, Class - Playway, Nursery, K.G., Ist., प्रथम तक के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों द्वारा मनाया गया। यह आयोजन प्रधानाचार्या नीलम शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्धक श्रीमान राजेन्द्र कुमार जैन 'राजा' जी थे।





Class - Playway, Nursery, K.G., Ist तक के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों द्वारा Games, Dancing, Singing एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं को मां के प्रति सम्मान एवं आदर किस प्रकार करना है इसकी जानकारी प्रधानाचार्या के द्वारा को प्रदान की गई।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान सर्वेक्षण हेतुं संगोष्ठी का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वाधान में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के दसवां सर्वेक्षण 2026 आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर के 4,500 से अधिक शहरों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और नागरिक फीडबैक के आधार पर रैंकिंग की जा रही है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता पर विशेष जोर दिया गया है, और ग्राउंड असेसमेंट फरवरी-मार्च 2026 में शुरू होने की उम्मीद है।स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की मूल्यांकन प्रक्रिया में सर्वेक्षण 9,500 अंकों के पैमाने पर आधारित है, जिसमें प्रत्यक्ष अवलोकन, सेवा स्तर प्रगति, और नागरिक फीडबैक शामिल हैं। जिसमें मुख्य फोकस ओडीएफ+ और गारबेज-फ्री स्टार रेटिंग, कचरा प्रबंधन, गीले/सूखे कचरे का अलगाव और पानी की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है इसमें नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक अभियान के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने समस्त नगरवासियों से स्वच्छ भारत अभियान के सर्वेक्षण की लिंक https://cf.sbmurban.org/ पर जाकर सर्वेक्षण में भाग लेकर सिरसागंज को नम्बर एक बनाएं।

# सभासद ने चैयरमेन पर लगाया धमकी देने का आरोप कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)नगर पालिका परिषद शामली की बोर्ड बैठक के दौरान हुई कहासुनी के बाद वार्ड सभासद ने चेयरमैन पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए सीओ सिटी से कार्रवाई की मांग की है।



नगर पालिका के वार्ड 23 के सभासद निशिकान्त संगल पुत्र रमेश कुमार संगल ने सीओ सिटी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 8 मई को नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक चल रही थी। आरोप है कि बैठक के दौरान उन्होंने चेयरमैन अरविन्द संगल से कहा कि बोर्ड बैठक में केवल सभासदों को बैठने की अनुमति दी जाए, क्योंकि इस संबंध में उन्होंने पूर्व में 2 मई को तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया था। सभासद का आरोप है कि इस बात पर चेयरमैन नाराज हो गए और डराया धमकाया गया। शिकायतकर्ता ने पत्र में कहा कि उक्त बातों से वह डरे और सहमे हुए हैं तथा उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है। आरोप लगाया कि उनके खिलाफ पहले भी फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। उन्होंने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# सत्यनारायण शिशु मंदिर में मदर्स डे पर रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के रेलवे रोड स्थित श्री कार्यक्रम में 3 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




विद्यालय में आयोजित डांस, ग्रीटिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और माताओं के प्रति प्रेम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चों ने रंगों की सहायता से अपने हाथों द्वारा फ्लावर वास बनाकर सभी का मन मोह लिया तथा डांस कार्यक्रम का आनंद लिया। कक्षा दो एवं तीन के विद्यार्थियों ने कला आकृतियों को रंगों से सजाकर अपनी माताओं के प्रति स्नेह व्यक्त किया। वहीं कक्षा चार और पांच के बच्चों ने आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तैयार कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में गीता, मृदुला, योगिता, प्राची वर्मा, दृष्टि सेन मौजूद रही।

# सरकारी डॉक्टर ने दिया परामर्श लक्षण होने पर तुरंत ले चिकित्सक की सलाह व दवाई

**समाज जागरण**

शामली। सीएचसी शामली में तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर महिलाओं में मासिक धर्म से पहले होने वाली एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। यह सामान्य पीएमएस (प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम) की तुलना में अधिक कष्टदायक होती है और महिलाओं के दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने बताया कि पीएमडीडी हार्मोन असंतुलन के कारण होता है, जिसके



लक्षण आमतौर पर मासिक धर्म शुरू होने से एक से दो सप्ताह पहले दिखाई देने लगते हैं और पीरियड्स शुरू होने के बाद धीरे-धीरे समाप्त हो जाते हैं।

डॉ. विजेंद्र कुमार के अनुसार इस बीमारी में चिड़चिड़ापन, एंजायटी, डिप्रेशन, मूड स्विंग, किसी भी कार्य में मन न लगना, अत्यधिक थकावट, नींद न आना, भूख कम लगना तथा पेट दर्द जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि ऐसे लक्षण लगातार दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें और तुरंत योग्य चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार कराएं। समय पर इलाज से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है और सामान्य जीवन प्रभावित होने से बचाया जा सकता है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।शनिवार को जनपद बागपत के गांव गुराना निवासी विजय कुमार बाइक पर सवार होकर शामली में अपने भांजे के निधन पर गमी में शरीक होने गया था। जैसे ही वह वापस अपने गांव लौट रहा था तो क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचा। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।दूसरी ओर जनपद बागपत के गांव पुट्ठी धनौरा निवासी यशवीर अपना कैंटर लेकर शामली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो उसके कैंटर के टायर में पंचर हो गया। गाड़ी चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर टायर बदल रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर किसी भी मामले में तहरीर नहीं दी गई थी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला। फुरकान जंग**

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं क्षेत्र से पहुंची गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जाता है। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान करना है।उन्होंने बताया कि शिविर में महिलाओं का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। जांच के दौरान जिन महिलाओं में खून की कमी या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।



अस्पताल परिसर में गर्भवती महिलाओं की भीड़ लगी रही। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने, समय-समय पर जांच कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने के प्रति जागरूक किया। शिविर में सैकड़ों महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया।इस दौरान स्टाफ नर्स, आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# साली को बहला-फुसला कर ले गया जीजा, पुलिस कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र की एक बस्ती निवासी व्यक्ति ने अपने दामाद पर उसकी छोटी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। शनिवार को थाना क्षेत्र की एक बस्ती निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी को गांव खेडा कुर्तान निवासी उसका दामाद बहला-फुसलाकर अपने साथ ईंट भट्टे पर ले गया। आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को अपने साथ ले जाने के दौरान घर में रखे आवश्यक दस्तावेज भी साथ ले गया। पीड़ित का कहना है कि उसकी दूसरी पुत्री के 2 वर्ष की एक बच्ची भी है। जिसे आरोपी दामाद घर पर ही छोड़ गया।पीड़ित ने पुलिस से आरोपी दामद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने तथा बेटी को सकुशल बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर युवती को जल्दी बरामद किया जाएगा।

# विश्व हिंदू परिषद ने किया दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) विश्व हिंदू परिषद शामली जिले का दो दिवसीय जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग शनिवार को बुढ़ाना रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रामनरेश महाराज, प्रांत सह धर्म प्रचार प्रमुख प्रीत बहादुर एवं जिला अध्यक्ष प्रदीप पुंडीर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



संत रामनरेश महाराज ने कार्यकताओं को आशीर्वाद देते हुए हिन्दू समाज में परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं प्रांत सह धर्म प्रचार प्रमुख प्रीत बहादुर ने परिषद की स्थापना, उसके उद्देश्यों तथा संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय सत्र में प्रीत बहादुर ने कहा कि प्रशिक्षण से अनुशासित एवं योग्य कार्यकर्ता का निर्माण होता है। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन के प्रति दायित्व बोध एवं समाज सेवा के महत्व के बारे में भी बताया। जिला अभ्यास वर्ग के सर्व व्यवस्था प्रमुख एवं जिला उपाध्यक्ष प्रवीण चौहान ने बताया कि अभ्यास वर्ग 9 मई से 10 मई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के प्रत्येक प्रखंड से लगभग 80 कार्यकर्ता शिक्षार्थी के रूप में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी हिमांशु शर्मा एवं प्रवेक्षक सन्नी सरोहा ने संभाली, जबकि अन्य व्यवस्थाओं में अर्जुन गौतम, राहुल खैवाल, विभांशु, अंकित सैनी और मयंक सहित अन्य कार्यकताओं का सहयोग रहा। अभ्यास वर्ग में संगठन मंत्री शुभम, शालू राणा मौजूद रहे।

# रघुनाथ मंदिर सभा के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री रघुनाथ मंदिर सभा के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।



भजन संध्या में गायक रवि आहूजा ने अपने मधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देर रात तक भक्तजन भजनों पर झूमते हुए भक्ति में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन अरविंद संगल उपस्थित रहे। मंदिर सभा के प्रधान सुभाष चुग सहित सभा के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, राधेश्याम भारती, यशपाल ठकराल, कृष्ण जुनेजा, डॉ. हरिओम पाठक, मनोनीत सभासद राकेश परुथी, हंसराज अरोरा, शम्मी सेठ, सेवाराम, राजेश सेठी, सोनू मलिक, मनोज मित्तल तथा राहुल दीवाना मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शामली टीम ने जीते मेडल

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शामली जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता 7 एवं 8 मई को प्रयागराज स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित हुई।

शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भाजू निवासी शांतनु बालियान ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं ग्राम लिसाढ़ निवासी आरव मलिक ने 400 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके अतिरिक्त ग्राम हाथी करौंदा निवासी हिमांशु मलिक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। वहीं ग्राम एलम निवासी नेहा पवार ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जबर सिंह खैवाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शामली जिले के खिलाड़ी लगातार प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन पहुंची चार शिकायत निस्तारण के निर्देश

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

शासन के दिशा-निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पहुंचे सीओ श्याम सिंह, तहसीलदार सतीश कुमार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में गांव कनियान निवासी महिला सुरेशवती पत्नी राजवीर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके जेठ बलजोर ने जबरदस्ती ट्यूबवेल पर कब्जा कर रखा है और सिंचाई के लिए पानी नहीं दे रहा, जिससे उसकी फसल सूख रही है। वहीं, खेड़ा कुर्तान निवासी ताहिरा पत्नी गय्यूर ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस के लोगों ने रास्ते




पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा है। गांव सल्फा निवासी रूपा ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उसके प्लॉट पर कब्जा कर रखा है और कब्जा मुक्त कराने पहुंचने पर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं।इसके अलावा गांव गढ़ी मिया निवासी किसान इंद्रपाल सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोसी किसानों ने जबरदस्ती उसकी फसल पर ट्रैक्टर चला दिया, जिससे उसकी फसल बर्बाद हो गई और वह भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। पीड़ित किसान ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने सभी शिकायतों पर टीम गठित कर जांच के बाद शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन सख्त, होटल-ढाबों व दुकानों पर छापेमारी कर दी चेतावनी

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने होटल, ढाबों, चाय की दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। टीम ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शनिवार को उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ नगर पहुंचे। उन्होंने गंगेरू मार्ग सहित कई प्रमुख स्थानों पर स्थित होटल, ढाबों और दुकानों की जांच की। इस दौरान टीम ने दुकानदारों और व्यापारियों को बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से मजदूरी कराने के बजाय उन्हें शिक्षा से



जोड़ना समाज की जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाता है, इसलिए इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के दौरान टीम ने कई प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे किशोरों की आयु संबंधी जानकारी भी जुटाई और संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी प्रतिष्ठान पर नाबालिग बच्चों से जबरन काम कराए जाने की शिकायत मिली तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना और अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।अभियान में शामिल महिला हेड कांस्टेबल डोली ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या बाल शोषण की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# धूमधाम के साथ मनाएं वीर महाराणा प्रताप की जयंती

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य मलूक चंद ने की, जबकि संचालन आचार्य बृजेश कुमार ने किया।विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान



और राष्ट्रभक्ति को याद किया। मुख्य वक्ता अशोक सोम ने कहा कि भारत वीरों की भूमि है और महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान एवं संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी भी किसी की अधीनता स्वीकार नहीं की और जीवनभर मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कविता की पंक्तियों के माध्यम से महाराणा प्रताप और उनके प्रिय अश्व चेतक के पराक्रम का भी वर्णन किया। उप प्रधानाचार्य मलूक चंद ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व को भारत की ऐतिहासिक धरोहर बताया। कार्यक्रम में नीटू कुमार, सोमदत्त, पुष्पेंद्र कुमार, संजू कुमार, अरविंद कुमार, ब्रजपाल सिंह, अंकुर कुमार, अमन कुमार, रवि कुमार, धीरज कुमार मौजूद रहे।

# सड़क पर जल भराव होने से लोगों को हो रही परेशानी निस्तारण की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बुढाना रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के निकट रतिराम विहार क्षेत्र में जलभराव की समस्या से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी जमा है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है।



शहर के रतिराम विहार में इन दिनों जल निकासी की समस्या सबसे बडी समसया बनकर सामने आ रही है। समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने नाले का निर्माण भी कराया, लेकिन नाले की सीमा नगर पालिका क्षेत्र से बाहर नही जा सकी। जिस कारण कुछ लोग उक्त नाले का विरोध कर रहे है, जिस कारण उन्होने जल निकासी बंद कर रखी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी प्रभावित होने से आये दिन जलभराव हो जाता है, जिस कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। जलभराव के कारण बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं कराया गया। लोगों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई न होने और जल निकासी व्यवस्था सुचारु न होने के कारण क्षेत्र में यह स्थिति बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द जलभराव की समस्या का समाधान कर उचित सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# जनपद के सभी थानो में आयोजित किया किया गया समाधान दिवस

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को जिले के समस्त थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे अधिकारियों ने फरयादियों की शिकायते सुनते हुए उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए है। शनिवार को शामली कोतवाली में आयोजित



थाना दिवस में एसडीएम निधि भारद्वाज पहुंची। उन्होने फरयादियों की शिकायते सुनते हुए शिकायत रजिस्टर की जांच की। जिसमें समस्याओं का निस्तारण समय पर न पाये जाने पर कडी फटकार लगाई। उन्होने कहा कि जो फरयादी शिकायत लेकर आते है उनको मौके पर निस्तारण किया जाना ही थाना दिवस का मकसद होता है, लेकिन खानापूर्ति कर फरयादियों को चक्कर कटाने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने भूमि संबंधित शिकायतों का मौके पर लेखपाल और पुलिस भेजकर समाधान कराया। इस दौरान उन्होने कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा को निर्देशित किया कि थाना दिवस में फरयादियों की अधिक से अधिक शिकायतों का निस्तारण करना का प्रयास किया जाये। साथ ही उन्होने कृषि भूमि को आवासीय कालोनी में बिना दर्ज कराये प्लाटिंग करने वालों की भी जांच करने के निर्देश दिए है।

# थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)थाना समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर पांच शिकायती पत्रों में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम आलोक यादव व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने



फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों से संबंधित कुल पांच शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए उनके यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान, सीओ हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# घिटौरा में आज सांसद इकरा हसन की जनसभा, सपा नेता रवि बैसला ने गांव-गांव किया जनसंपर्क

**राजकुमार भाटी भी होंगे शामिल, सपा ने कहा- दलित-मजदूरों का हित सुरक्षित रखने के लिए पार्टी को मजबूत करें**

**समाज जागरण**

चांदीनगर। घिटौरा गांव में रविवार सुबह कैराना से सांसद इकरा हसन धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगी। जनसभा को सफल बनाने के लिए सपा नेता रवि बैसला ने बागपत के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को निमंत्रण पत्र देकर जनसभा में पहुंचने की अपील की। घिटौरा में आयोजित होने वाली समाजवादी पार्टी की धन्यवाद जनसभा में सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजकुमार भाटी और कैराना सांसद इकरा हसन भाग लेंगी। सपा नेता रवि बैसला ने बागपत के रटौल, डगरपुर, तिगरी, बसौद, बागपत, अमीननगर सराय समेत कई गांवों और कस्बों का दौरा किया और



ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने का आह्वान किया। रवि बैसला ने कहा कि समाजवादी पार्टी में सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में दलित व मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, इसलिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। इस मौके पर लीलू प्रमुख, काशीराम प्रधान, नरेंद्र, डॉक्टर बाबू खान, इसरत अली, विकास, योगेंद्र बैसला सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# बेटियों के स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन की प्रेरक पहल

**तीस हजार सैनिटरी पैड बांटकर हजारों किशोरियों में जागरूकता और आत्मविश्वास जगाया**

**समाज जागरण**

बड़ौत। शहर के चौधरान पट्टी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को समर्पित प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-ाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए और मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण तथा आत्म-सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। फाउंडेशन की सचिव आशा ग्रोवर ने कहा कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य समाज की प्रगति का आधार हैं। संस्था का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को आत्मनिर्भर बनाना और उसके सपनों को नई उड़ान देना है। महिला




कल्याण विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी वंदना गुप्ता ने छात्राओं को सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी दी। अंशिका जैन ने किशोरियों को स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था अब तक लगभग 30 हजार सैनिटरी पैड वितरित कर चुकी है। विद्यालय परिवार, छात्राओं और स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा किसान मोर्चा बागपत जिला अध्यक्ष ने बंगाल जीत पर प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई

**दिल्ली स्थित आवास पर मिले नितिन चौधरी; 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा, प्रदेश अध्यक्ष बोले: विपक्ष का सूपड़ा साफ कर बनाएंगे प्रचंड बहुमत की सरकार**

**समाज जागरण**

बड़ौत। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बागपत नितिन चौधरी ने केंद्रीय राज्य वित्त मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को उनके 35 लोधी इस्टेट दिल्ली स्थित आवास पर पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आगामी विधानसभा 2027 चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के



बीच चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि "संगठन के सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। 2027 विधानसभा में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर उत्तर प्रदेश में फिर से प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी चाहिए। जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष को जनपद बागपत आगमन का न्योता दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर जल्द ही जनपद बागपत में आगमन का आश्वासन दिया।

# शिक्षक संघ ने विंध्याचल सम्मेलन के लिए किया जनसंपर्क, कई स्कूलों में पहुंचे पदाधिकारी

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक मंडल सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने 15-16 मई को मिजार्पुर में होने वाले ग्रीष्मकालीन सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित**

**समाज जागरण**

बड़ौत। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक मण्डल के सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, पूर्व जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर व कोषाध्यक्ष सुभाष दुहूण के साथ जनपद बागपत के विभिन्न इंटर कॉलेजों में शिक्षक-शिक्षिकाओं से संपर्क किया। उन्होंने 15-16 मई 2026 को विंध्याचल मिजार्पुर में होने वाले संगठन के ग्रीष्मकालीन सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आदर्श शिक्षा सदन इंटर कॉलेज किरठल, जनता



इंटर कॉलेज लूम्ब, जन विजय इंटर कॉलेज कूडी-नांगल, श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज छपरौली, श्री अजीत नाथ इंटर कॉलेज शेरपुर लुहारा तथा आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज नंगला-सिनौली में शिक्षक-शिक्षिक-ाओं से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने संगठन की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए शिक्षकों की समस्याएं सुनीं। साथ ही संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वराज पाल दुहूण के विचारों को गंभीरता से लेते हुए अत्यंत उत्साह दिखाया तथा अधिक से अधिक संख्या में ग्रीष्मकालीन सम्मेलन में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया।

# वार्ड नंबर- 2 में स्कोर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, चालक वाहन छोड़ फरार

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 में शनिवार सुबह तेज रफ्तार स्कोर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि स्कोर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीडर निवासी 40 वर्षीय अनिल कुशवाहा पुत्र सुखलाल कुशवाहा शनिवार सुबह अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। इसी दौरान वार्ड नंबर-2 क्षेत्र में सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कोर्पियो ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अनिल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अनिल कुशवाहा को



तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार घायल व्यक्ति को हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हादसे में स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि स्कोर्पियो वाहन के अगले हिस्से में भी हल्का नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना के तुरंत बाद स्कोर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दुद्धी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्कोर्पियो वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स-डे

**समाज जागरण**

बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज मदर्स डे बड़े उत्साह से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने माताओं के सम्मान मे गीत , कविता , नृत्य व भाषण प्रस्तुत किए बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए सुन्दर कार्ड , उपहार व डेकोरेशन पीस बनाए। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बच्चों से कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं और हमारी सबसे अच्छी दोस्त व सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां का प्यार निः स्वार्थ होता है जो हमारे जीवन को हर कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देता है। उनके त्याग, प्रेम और संस्कारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है मां के लिए आभार व्यक्त करने के



लिए वैसे तो हर दिन खास होता है लेकिन हर वर्ष के मई के दूसरे र-विवार को मदर्स डे रूप मे मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि जिस घर में मां मुस्कुराती है वहां खुशियां अपने आप रास्ता ढूंढ लेती है। विद्यालय में मदर्स डे के अवसर पर छात्र - छात्राओं ने तू कितनी अच्छी है , तेरी उंगली पकड़ के चला , मेरी मां ओ मेरी मां आदि गानों पर डांस कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मां के महत्व पर प्रेरणा दायक विचार प्रस्तुत किए जिससे सभी भावुक हो गए। अंत मे सभी माताओं को धन्यवाद किया गया और उनके स्वास्थ एवं सुखी जीवन कि कामना की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापिकाओं शालू, अंजलि, दीपा चौहान, राधिका कौ-शक, रेखा शर्मा, नीतू पांडे, दीपा शर्मा, दिया त्यागी, खुशी धामा, आ-रजू ढाका, ईशा यादव, इंद्रेश शर्मा, सारिका रस्तोगी का सहयोग रहा।

# कोणार्क विद्यापीठ में मदर्स-डे पर हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य और गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्रबंधक सविता धामा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने माँ को समर्पित भावपूर्ण गीतों और मधुर संगीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयोजित कैटवॉक प्रतियोगिता में मोनिका कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लकी ड्रॉ रहा, जिसके विजेताओं की घोषणा पर पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर प्रबंधक देवेंद्र धामा ने कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संस्कार और त्याग की प्रतिमूर्ति है। विद्यालय का प्रयास है




कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चे अपनी जड़ों और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को भी समझें। उप प्रबंधक अंकित धामा एवं प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने मदर्स डे पर सभी माताओं एवं बहनों को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोनिका धामा पूनम गोस्वामी शक्ति राजदान नलिनी शर्मा शालू जैन सविता शर्मा मेघा धामा पूजा पंवार रमा तेवतिया मंजू गुप्ता रितु तेवतिया पायल चौहान शशि त्रिपाठी शालिनी शर्मा रीना शर्मा शिवानी शर्मा विनी शर्मा मोनिका शर्मा आकांक्षा, एकता तोमर अलका त्यागी मोनिका पाल मंजू रानी प्रीति धामा नीरज वर्मा रेनू पांचाल रीना भारद्वाज रीना राठी कल्पना राठी अंजू खोखर गुलशन चौहान नरेश कुमार बिशप शर्मा अजीत सिंह नीतीश पाराशर सुमित तेवतिया मनीष धामा आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य आयोजन, विशाल जनसभा व भंडारे का आयोजन

**चौधरी जन कल्याण समिति ने यूपी बोर्ड में जिला टॉपर्स को किया सम्मानित; शौकेंद्र खोखर बोले: प्रतिभाओं का सम्मान हमारा कर्तव्य**

**समाज जागरण**

बड़ौत। चौधरी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में गुरुवार को छपरौली क्षेत्र में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल परीक्षा में जिला बागपत में प्रथम, पांचवां व छठा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शॉल, स्मृति चिन्ह व साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशाल जनसभा एवं भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में जिला बागपत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तुषार खोखर छपरौली, पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी पूर्वा गांव बदरखा और छठा स्थान प्राप्त करने वाले सक्षम खोखर गांव छपरौली को सम्मानित किया गया। इस विशाल सभा में दूर-दराज एवं छपरौली क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव व तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि "छात्र-छात्राओं का सम्मान करना हम सभी लोगों का कर्तव्य बनता है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।" उन्होंने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित चौधरी सुधीर खोखर, चौधरी बाबूराम खोखर, पहलवान चौधरी देवेंद्र सिंह खोखर, चौधरी पवन कुमार एवं चौधरी जनकल्याण समिति के सभी सदस्यों के इस कदम को सराहनीय बताया। विशाल सभा की अध्यक्षता विश्वगुरु डॉ. तेजबीर सिंह खोखर,




राष्ट्रीय संरक्षक एवं परमाध्यक्ष - राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भारत गौरव सम्मान से सम्मानित चौधरी धर्मेंद्र खोखर चेयरमैन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सनातन शिरोमणि एवं कोहिनूर ए खोखर समाज, आधुनिक भामाशाह दानवीर कर्ण, युवा हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शौकेंद्र सिंह खोखर राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत, पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम शर्मा, प्रमुख समाजसेवी मेहरवान कुरैशी, डॉ. अभिषेक चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र छपरौली, श्रीमती मुनेश देवी प्रधानाचार्य होशियारी देवी इंटर कॉलेज राठौड़ा, चौधरी प्रमोद खोखर राठौड़ा समाजसेवी पारुल चौधरी तुगाना ने मंच की शोभा बढ़ाई। सभा का संचालन जीतेंद्र आर्य चेयरमैन एम एजुकेशन पब्लिक स्कूल छपरौली ने किया। मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं चौधरी जनकल्याण समिति के सदस्यों ने बच्चों के गुरुजनों व माता-पिता को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतिभाशाली बच्चों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेवा, बच्चों की शिक्षा और पर्यावरण के लिए प्रेरित किया गया। नशे की लत एवं मोबाइल की लत से बच्चों को दूर रखने का संदेश दिया गया। संचालक महोदय ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए चौधरी नरेंद्र आर्य हलालपुर को पिता तुल्य बता कर दिल से सम्मान किया। अंत में अध्यक्ष महोदय ने भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का संदेश "शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पीता है वो दह-ाड़ता है" सभा में दिया। रामायण के प्रसंग का उदाहरण देते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी बच्चों को शिक्षा देने का संदेश दिया। "अन्नदाता राजाओं का राजा होता है" कहकर किसानों का सम्मान किया। परम पिता परमात्मा से विश्व शांति, राष्ट्र उन्नति की कामना की और "कलयुग में संगठन की एकता में शक्ति है" का संदेश दिया। इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जुगैल पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने और अन्य मामलों में हुई कार्रवाई

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/ सोनभद्र । स्थानीय पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अन्य मामलों में कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध, अपराधियों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जुगैल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात में चेकिंग के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते हुए 6 व्यक्तियों को पकड़ा। इसके अतिरिक्त, 3 अन्य




व्यक्तियों को भी विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद, सभी 9 अभियुक्तों को शांति भंग की आशंका के दृष्टिगत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रामनाथ (55), कृष्णा (20), रविन्द्र (23), सुनील (24), अजय कुमार, रामसजीवन (30), झल्लर (45), विपुन्दर (20) और रामजन्दर पाल (30) शामिल हैं। ये सभी जुगैल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा, उपनिरीक्षक मिट्ठू प्रसाद, कांस्टेबल मुकेश कुमार, दीपक कुमार और पवन यादव शामिल थे।

# धूमधाम के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**समाज जागरण**

बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, वैदिक हवन एवं प्रबोधन सभा का आयोजन किया गया। मंच संचालन मनोज कुमार आर्य द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति, संस्कार एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन के साथ हुआ,



जिसमें यजमान के रूप में विद्यालय के प्रबंधक नीरज कुमार उपस्थित रहे। यज्ञ ब्रह्मा के रूप में अजीत आचार्य ने वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। राजेंद्र सिंह ने कहा कि महापुरुषों का जीवन केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ है। मुख्य अतिथि अजीत सिंह एडवोकेट जिला महामंत्री बार एसोसिएशन बागपत ने कहा कि बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलना चाहिए। सुदेश चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि देश और समाज की मजबूती के लिए बच्चों में नैतिक शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। आचार्य गिरवर ने कहा कि वैदिक संस्कार और भारतीय संस्कृति ही मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। विजय कुमार फौजी ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीरों का जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। वहीं रेखा चौहान ने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने संस्कार, अनुशासन और मेहनत को जीवन का आधार बनाते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज टटीरी के प्रधान सतीश, मनोज सभासद, अशोक चौहान, आचार्य गिरवर एवं आर्य भूषण सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य रूप से सत्यवीर ठाकुर (पूर्व मंडल अध्यक्ष), नरेंद्र चौहान बड़का, विपुल जैन, विवेक जैन,अंकुर शर्मा, प्रीति शर्मा, अनीता खोखर, राखी राजपूत, गीता राजपूत, मनोज बागेश्वर, राजीव राजपूत, दीपक मानव, सोनिया चौधरी, अंकित बडोली, जयकुमार, परवीन, कपिल शर्मा, संजीव शर्मा, नीनू, अमित मानव, अशोक जय श्री राम, आदेश (प्रबंधक, पैरामाउंट पब्लिक स्कूल), प्रमोद खोखर, सुधीर ठाकुर, रमेश मास्टर, मिथलेश देवी, सुमन देवी, मिथिलेश कुशवाहा, मनोज कुशवाहा एवं रेखा चौहान सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# यूपीएमएसआरए का 44वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**काटा केक, जिला अध्यक्ष बोले: 1982 से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के हक की आवाज बुलंद कर रहा संगठन**

**समाज जागरण**

बड़ौत। दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित यूपीएमएसआरए कार्यालय पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन का 44वां स्थापना दिवस केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिला इकाई अध्यक्ष प्रदीप पुरी ने बताया कि 8 मई 1982 को लखनऊ में इस संगठन की स्थापना हुई थी। तब से आज तक यूपीएमएसआरए दवा प्रतिनिधियों व मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के हक की आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। आज के कठिन दौर में भी हम एकजुट होकर अपने साथियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में संगठन और मजबूती से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर राजीव शर्मा, निकुंज कुमार, आमिर रजा, दीपक, विजय कुमार, हिमांशु गुप्ता, रक्षित जैन, विपिन, माइकल, सूर्यदत्त शर्मा, अशोक कुमार तोमर, विवेक प्रजापति, वरुण शर्मा, सूरज तोमर, रमेश कुमार, अंकुर रस्तोगी सहित पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# लाखों की ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुजरान बलवा निवासी फिरदौस ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसका मायका गांव मामौर में है। यहां पर उसकी मुलाकात नदीम फौजी व उसके पिता उमरदीन से हुई थी। बाद में इनकी जान पहचान उसके पति नवाब चौधरी से हो गई। उमरदीन ने अपने बेटे नवाब की शादी के लिए उसके पति से पांच लाख रुपये उधार लिए थे। बाद में जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने कहा कि गौशाला दिला देंगे, उसमें नौकरी भी कर लेना। इसके बाद पिता–पुत्र उसके पति को लखनऊ ले गए। लखनऊ में उसके पति की मुलाकात नीरज शर्मा, संदीप, इमरान उर्फ मन्नू व कुछ अधिकारियों से कराई। बाद में उसके पति को वापस भेज दिया। कुछ दिन बाद आरोपियों ने गौशाला दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये और ले लिए। इस प्रकार आरोपियों ने एक साल के अंदर उससे तथा उसके पति से 31 लाख रुपये ले लिए। बाद में उन्हें गौशाला के फर्जी कागज दे दिए। पता चलने पर जब उन्होंने अपने पैसे मांगे, तो आरोपी उसकी ससुराल पहुंचे तथा धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कुत्तों ने नौ वर्षीय बालक पर किया हमला

**समाज जागरण**

कैराना। आवारा कुत्तों ने गली में खेल रहे नौ वर्षीय बालक पर हमला कर घायल किया। शुक्रवार को गांव बदलूगढ़ में नीरज का नौ वर्षीय बेटा निहाल गली में खेल रहा था। इस दौरान आवारा कुत्तों ने बालक पर हमला कर दिया, जिस कारण वह घायल हो गया। शनिवार को बालक को लेकर उसका पिता अस्पताल में पहुंचा। जहां उसे एंटी रेबीज का टीका लगाते हुए उपचार दिया गया।



# खड़ी ट्रक में बाइक सवार ने मारा जोरदार टक्कर, घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। डाला बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार घायल हो गया । मिली जानकारी मुताबिक बीते शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे थाना चोपन के डाला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत शहीद स्थल स्थित बस स्टैंड के पास तेलगुड़ावा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में पीछे से जाकर टकरा गई जिससे बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया।
बताया जा रहा है कि ओबरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गजराज नगर निवासी विनोद कुमार (25) पुत्र रामजनक जो बाइक से तेलगुड़वा डाला चढ़ाई की तरफ से गजराज नगर ओबरा की तरफ जा रहा था कि डाला बस स्टैंड के पास अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में टकरा गया जिससे घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक का चालक ट्रक को लेकर वहां से चला गया।
स्थानीय लोगों व स्थानीय पुलिस ने घायल बाइक सवार विनोद को उपचार के लिए डाला बाजार स्थित नजदीकी निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, सूचना मिलते ही परिजन भी पहुंच गए।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर भव्य आयोजन

## राजपूत युवा संगठन नोएडा ने मनाई जयंती, युवाओं को दिया त्याग और स्वाभिमान का संदेश

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा। वीर शिरोमणि, महान शूरवीर एवं मेवाड़ के मुकुट महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती नोएडा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम राजपूत युवा संगठन नोएडा द्वारा आयोजित किया गया।



महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के राजा उदयसिंह के पुत्र थे। बचपन से ही उनमें साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम के गुण दिखाई देने लगे थे। उस समय जब मुगल शासक अकबर ने भारत के बड़े हिस्से पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था, कई राजाओं ने उसकी अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप ने मेवाड़ की स्वतंत्रता और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। उन्होंने सुख-सुविधाओं का त्याग कर जंगलों में जीवन व्यतीत करना स्वीकार किया, लेकिन पराधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया। हल्दीघाटी का युद्ध केवल सत्ता संघर्ष नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा का ऐतिहासिक उदाहरण था।
वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में जब युवा वर्ग प्रतिस्पर्धा, तनाव और नैतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में महाराणा प्रताप का जीवन उन्हें साहस, धैर्य और संकल्प की प्रेरणा देता है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य और मूल्यों से समझौता नहीं करना चाहिए।
कार्यक्रम में कहा गया कि महाराणा प्रताप केवल अतीत के योद्धा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका जीवन राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान और मानवीय मूल्यों का उज्ज्वल उदाहरण है।

इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य रविंद्र चौहान, अनिल चौहान, संजीव चौहान, सचिन टाइगर, आनंद चौहान, अधिवक्ता रविंद्र चौहान, अमित चौहान (पार्थ), धर्मेंद्र चौहान, संग्राम चौहान, ठाकुर किरण पाल, नकुल चौहान, अजय चौहान, गिरिराज चौहान, अशोक चौहान, विपिन सिंह सूर्यवंशी, राजेंद्र चौहान, जितेंद्र चौहान, नरेंद्र चौहान, सुधीर चौहान, डी. पी. चौहान, सुभाष चौहान, सोनू चौहान, मास्टर दिनेश चौहान, विनोद चौहान, मान सिंह, नीरज चौहान, मास्टर राजेंद्र चौहान, मास्टर जितेंद्र चौहान, मास्टर राकेश चौहान सहित बड़ी संख्या में युवाओं और लोक कलाकार उदयवीर चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# "महाराणा प्रताप के संघर्ष में सर्वसमाज की भागीदारी ही भारत की असली ताकत"

## जयंती समारोह में जेवर विधायक ने दिया सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेश, युवाओं ने किया रक्तदान

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

नोएडा (जेवर)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर जेवर स्थित शगुन वाटिका में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल किसी एक समाज या वर्ग के नायक नहीं थे, बल्कि वे पूरे भारत की अस्मिता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के संघर्ष में सभी जातियों और समाजों की एकजुट भागीदारी रही, जो भारत की वास्तविक शक्ति को दर्शाती है।



उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं था, बल्कि यह राष्ट्र गौरव और आत्मसम्मान की रक्षा का संकल्प था। इस संघर्ष में भील समाज, राजपूत, गुर्जर, मीणा, जैन समाज सहित अनेक समुदायों ने मिलकर भाग लिया और इतिहास रचा। उन्होंने राणा पूंजा, हकीम खान सूर और भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए उन्हें सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया।
कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। विधायक ने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और यह समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, समाज में भाईचारा मजबूत करें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जेवर क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यह तभी सार्थक होगा जब सभी वर्ग मिलकर आगे बढ़ेंगे।
अंत में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐतिहासिक उपलब्धि, 10,70,372 वादों का हुआ निस्तारण

## गौतमबुद्धनगर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 93 करोड़ से अधिक की समझौता राशि, जिला जज ने दी जानकारी

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 09 मई 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में इस वर्ष एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। माननीय जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 10,70,372 वादों का निस्तारण किया गया।
जनपद न्यायालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय स्तर पर 3,03,925 वादों का निस्तारण किया गया, जबकि प्री-लिटिगेशन स्तर पर 7,66,447 मामलों का समाधान किया गया।



उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ। इनमें राजस्व विभाग के 1,08,286 मामले, यातायात विभाग के 4,99,452 मामले, पुलिस विभाग के 13,509 मामले, चिकित्सा विभाग के 99,045 मामले तथा सहायक संभागीय परिवहन विभाग के 32,500 मामले शामिल हैं।
इसके अतिरिक्त नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 6,123 मामलों का निस्तारण किया गया। विभिन्न बैंकों, श्रम न्यायालय, बीएसएनएल एवं अन्य विभागों के मामलों का भी आपसी समझौते के आधार पर समाधान किया गया।

न्यायालय स्तर पर विभिन्न पीठों एवं न्यायाधीशों द्वारा भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, वाणिज्य न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, पोक्सो न्यायालय एवं अन्य अदालतें शामिल रहीं।
इस लोक अदालत में कुल 10,70,372 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि समझौता राशि 93,77,15,913 रुपये रही।
अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित, सुलभ एवं आपसी सहमति से समाधान करना है, जिससे न्याय प्रणाली पर बोझ कम हो सके और आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके।

# प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न

## 17 मंडल मुख्यालयों में आयोजित परीक्षा पर एआई आधारित नियंत्रण कक्ष से हुई सघन निगरानी

**संदीप गर्ग/समाज जागरण**

लखनऊ/प्रयागराज, 09 मई 2026। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा पारदर्शी, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई।
आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि विज्ञापन संख्या 02/2022 के अंतर्गत कुल 18 विषयों की परीक्षा के क्रम में शनिवार को 09 विषयों की परीक्षा दो पालियों में प्रदेश के 17 मंडल मुख्यालयों में आयोजित की गई।
प्रथम पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र विषयों की परीक्षा 278 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। वहीं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा 269 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई।





आयोग अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण एवं कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी की गई। एआई आधारित कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, नकलविहीन, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा संचालन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।
डॉ. प्रशांत कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन में जिला एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कुल 89,766 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें महिला अभ्यर्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत तथा पुरुष अभ्यर्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई, दी बधाई



**समाज जागरण**

संदीप गर्ग प्रयागराज। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज के मुट्ठीगंज क्षेत्र में उत्सव मनाया। इस अवसर पर मिठाई वितरण कर एक-दूसरे को बधाई दी गई।
पूर्व भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है और इससे पश्चिम बंगाल के विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में राजेश केसरवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल "सोनार बंगला" के लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास विजन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में नई विकास रेखा खींची जाएगी।
कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि नई सरकार के आने से राज्य में अवैध गतिविधियों और घुसपैठ से जुड़े मुद्दों पर सख्त कार्रवाई की उम्मीद है, जिससे व्यवस्था में सुधार होगा।
इस अवसर पर नीरज केसरवानी, अंजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, धीरज केसरवानी, राम जी केसरवानी, घनश्याम, किशन चंद्र जायसवाल, कमलेश केसरवानी, विष्णु त्रिपाठी, शिवाय जायसवाल, सुनील केसरवानी, दीपक केसरवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे को बधाई दी।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट, प्रदेश की स्थिति पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

लखनऊ, 09 मई 2026। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात जनभवन में संपन्न हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को एक पुस्तक भेंट की।



मुख्यमंत्री दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त रहे। सुबह वे पश्चिम बंगाल में एक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, जिसके बाद लखनऊ लौटकर उन्होंने पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके उपरांत शाम को उन्होंने राज्यपाल से भेंट की।
मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को प्रदेश की वर्तमान स्थिति, विकास कार्यों और सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। दोनों के बीच प्रदेश के समग्र विकास और वर्तमान प्रशासनिक परिदृश्य को लेकर भी चर्चा हुई।
राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए और शासन की गतिविधियों पर चर्चा की। यह शिष्टाचार भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# योगी जी ईज ग्रेट- खिलाड़ियों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने थामा रैकेट, बैडमिंटन कोर्ट में उतरकर खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

*प्रतियोगिता में यूपी, गुजरात-कर्नाटक समेत अन्य पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा*

*9 से 13 मई तक चलने वाली प्रतियोगिता में 1400 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा*

**समाज जागरण**

लखनऊ 9 मईः उत्तर प्रदेश की राजधानी में शनिवार को द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन-टेबल टेनिस) प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन कोर्ट पर खिलाड़ियों के साथ हाथ आजमाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। कर्नाटक पुलिस के काली कृष्णा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि चीफ मिनिस्टर अच्छे हैं। यूपी एक अच्छा प्रदेश है।





### प्रतियोगिता में 1400 खिलाड़ी लेंगे भाग

दरअसल उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर (बैंडमिंटन एवं टेबल टेनिस) 2025-26 प्रतियोगिता 9 से 13 मई तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में देशभर की पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में यूपी पुलिस, गुजरात पुलिस, कर्नाटक पुलिस, उड़ीसा पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस समेत कई राज्यों की टीमें शामिल हुई हैं। आयोजन में करीब 1400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बैडमिंटन और टेबल टेनिस दोनों खेलों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

### सीएम योगी ने स्मारिका का विमोचन किया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन भी किया। वहीं खिलाड़ियों को शपथ दिलाने की जिम्मेदारी कपिल चौधरी ने निभाई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इसके अलावा 35वीं वाहिनी पीएसी के बैंड द्वारा मधुर स्वर लहरियां प्रस्तुत की गईं, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया।

### खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री की जमकर सराहना की

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश सरकार और यूपी पुलिस की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। कर्नाटक पुलिस के खिलाड़ी काली कृष्णा ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक बहुत अच्छा प्रदेश है और यहां का माहौल बेहद सकारात्मक है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि वह पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए हैं और यहां की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है।
जबकि उड़ीसा पुलिस के खिलाड़ी देवेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी टीम से नौ खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

### योगी जी ईज ग्रेट- खिलाड़ी

खिलाड़ी देवेंद्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां क्वालिटी लेवल का अरेंजमेंट किया गया है और सभी खिलाड़ियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। देवेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि योगी जी इज ग्रेट। छत्तीसगढ़ पुलिस के खिलाड़ी राजेश मणि सिंह बैडमिंटन के सिंगल, डबल और मिक्स मुकाबलों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में आकर उन्हें हमेशा अच्छा अनुभव मिलता है। उन्होंने बताया कि वे पहले भी प्रतियोगिताओं के लिए उत्तर प्रदेश आ चुके हैं और हर बार यहां बेहतरीन व्यवस्थाएं देखने को मिली हैं।

### गुजरात के 36 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे

राजेश मणि ने कहा कि खिलाड़ियों के रहने, खाने और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति हर खिलाड़ी से व्यक्तिगत रूप से फीडबैक ले रही है, जिससे खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो।
गुजरात पुलिस के खिलाड़ी रियाज सरवैया टेबल टेनिस मेंस सिंगल और डबल मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि गुजरात से 36 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे हैं। रियाज ने कहा कि लखनऊ एक बेहद खूबसूरत और शानदार शहर है। उन्होंने कहा कि यह उनका लखनऊ का पहला दौरा है और यहां का अनुभव काफी यादगार है। रियाज सरवैया ने यूपी पुलिस की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जिस स्तर का आयोजन यहां किया गया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को यूपी पुलिस में प्रमोशन और डायरेक्ट भर्ती जैसे अवसर देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो बेहद सराहनीय कदम है।

# कूड़े के ढेरों में घिरा कालांवाली, बढ़ा बीमारियों का खतरा

## सफाई व्यवस्था ठप, गंदगी से जनता परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) सिरसा। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते सिरसा जिले के कालांवाली शहर में हालात गंभीर होते जा रहे हैं। शहर की गलियों, मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और रिहायशी इलाकों में कूड़े के बड़े ढेर जमा हो गए हैं, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है।
स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कूड़े से उठती दुर्गंध ने वातावरण को असहनीय बना दिया है। वहीं, मच्छरों और मक्खियों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।
शहर के विभिन्न इलाकों में खुले में पड़ा कूड़ा सड़ने लगा है, जिससे दुर्गंध और संक्रमण की स्थिति और गंभीर हो गई है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि नमी के कारण कूड़ा तेजी से सड़ रहा है और इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में बीमारी का खतरा अधिक बढ़ गया है। दुकानदारों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि गंदगी और बदबू के कारण ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।
नागरिकों ने नगर प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें स्वच्छ वातावरण नहीं मिल रहा है। कई मोहल्लों में घरों के बाहर ही कूड़ा जमा हो चुका है।
स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका से तत्काल सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।
फिलहाल कालांवाली शहर सफाई व्यवस्था के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के चलते गंभीर संकट से गुजर रहा है। नागरिकों की नजर अब प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# बाढ़ नियंत्रण कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे हों: श्रुति चौधरी

## नालों की सफाई और नदियों की गाद निकालने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, मुख्यमंत्री करेंगे अंतिम समीक्षा

चंडीगढ़, 09 मई 2026। चंडीगढ़ में आयोजित 57वीं राज्य आपदा प्रतिक्रिया एवं बाढ़ नियंत्रण बैठक में हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण से जुड़े सभी कार्य 15 जून तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं। बैठक में नालों की सफाई, नदियों से गाद निकालने और जल निकासी से संबंधित लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान किसी प्रकार की जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

# भगत रविदास जी की 650वीं जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी: शिरोमणि समिति

## छह सेमिनार, आठ कीर्तन दरबार और भव्य नगर कीर्तन की रूपरेखा तैयार

**समाज जागरण**

जैतो, 09 मई 2026। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में आज शिरोमणि समिति मुख्यालय में उप-समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगत रविदास जी की 650वीं जयंती को बड़े पैमाने पर मनाने की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।
यह ऐतिहासिक अवसर 20 फरवरी 2027 को मनाया जाएगा। बैठक में धार्मिक कार्यक्रमों, सेमिनारों, कीर्तन दरबारों और नगर कीर्तन के आयोजन को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बताया कि भगत रविदास जी के जीवन, दर्शन और उपदेशों पर आधारित छह सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर आठ कीर्तन दरबार भी होंगे। उन्होंने बताया कि भगत रविदास जी के जन्मस्थान गोवर्धनपुर (वाराणसी) से एक भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो विभिन्न राज्यों से होते हुए पंजाब तक पहुंचेगा। इसके साथ ही उनके जीवन और इतिहास पर आधारित पुस्तिकाएं विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित की जाएंगी।
कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए अलग-अलग उप-समितियों का गठन किया गया है, जो धार्मिक संस्थाओं और प्रमुख हस्तियों से समन्वय स्थापित करेंगी। 25 मई को इस संबंध में एक विस्तृत बैठक भी आयोजित की जाएगी।
एक अन्य मुद्दे पर एडवोकेट धामी ने बताया कि विभिन्न परीक्षाओं के दौरान सिख छात्रों से धार्मिक प्रतीक हटवाने की घटनाओं पर आपत्ति के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी घटनाएं न होने का आश्वासन दिया है।
उन्होंने कहा कि शिरोमणि समिति ने इस मामले में सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।
इस बैठक में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# अमलाई, बुढार में अवैध रेत उत्खनन और पुलिस बनी मुकदर्शक

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। जिले के अंतर्गत अमलाई एवं बुढार इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। दोनों थानों की सीमा के अंतर्गत आने वाले नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

जानकारों के अनुसार अमलाई एवं बुढार की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर मजदूरों के माध्यम से उत्खनन कराया जा रहा है। और ट्रैक्टरों एवं डग्गी के माध्यम से बुढार धनपुरी अमरदांडी अमलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ले बसाहट एवं बस्तियों में बेचा जा रहा है। आलम यह है की चोरी की रेत प्रति दग्गी ड्ड6000 की रेत से बचा जा रहा है और ट्रैक्टरों में 4500। अवैध बालू के उत्खनन में धनपुरी नंबर 3, चीप हाउस ,अमर दंडी, बकहो, श्रीवास्तव मोड, साबो के रेत माफिया लगे हुए हैं। यह भी कहा जा सकता है कि पूरा गिरोह लगा हुआ है इस अवैध कारोबार में। इस अवैध कारोबार में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ खनिज विभाग के अधिकारियों की भी मिलीभगत की चर्चा है।

बुढार ,धनपुरी ,अमलाई क्षेत्र में अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। सूत्रों का आरोप है कि रेत माफिया के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है।

इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है,

पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है।

नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अमलाई ,धनपुरी एवं बुढार थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या कोयलांचल क्षेत्र रेत माफियाओं की गिरफ्त में यूं ही फंसा रहेगा।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न



**समाज जागरण**

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया की भाजपा कोर कमेटी की बैठक बांधवगढ़ ताला स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया,जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप पांडे की उपस्थिति रही।

बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडा और बिंदुओं पर चर्चा की गई। कोर कमेटी के सदस्यों ने कई अहम प्रस्तावों को रखा,जिसमें हर पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा संगठन के द्वारा बचे हुए नियुक्तियां के नामों पर भी विचार किया गया।

# रक्तदान महादान की भावना के साथ शिव मारुति युवा संगठन का सराहनीय प्रयास, 31 यूनिट रक्त संग्रहित

**समाज जागरण**

अनूपपुर। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय शिव मारुति युवा संगठन द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार 8 मई 2026 को श्री शिव मारुति मंदिर परिसर सामतपुर, अनूपपुर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान की प्रेरणादायी परिकल्पना के साथ आयोजित इस शिविर में युवाओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानवता की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में कुल 31 लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर दूसरों को भी प्रेरित किया।रक्तदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छ एवं सुरक्षित रक्तदान व्यवस्था, जलपान सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रक्तदाताओं को फलदार पौधे भी वितरित किए गए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है। रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सभी नागरिकों के प्रति संगठन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, युवा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 16-17 मई को,147 अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता होंगे शामिल

## 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

शहडोलः- भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकताओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 16 एवं 17 मई को शहडोल नगर के न्यू यश पैलेस में संपन्न होगा।




**तैयारियों को लेकर बैठक संपन्नः-**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों संगठनात्मक विषयों को लेकर शुक्रवार को शहडोल नगर के अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जबलपुर विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे जी बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को उद्बोधन देते हुए विभिन्न विषयों को लेकर संगठनात्मक चर्चा की गई एवं बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने की एवं 16 व 17 तारीख को होने वाले प्रशिक्षण को लेकर विस्तार से जानकारी दी प्रशिक्षण वर्ग के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों का गठन किया गया जिसमें प्रशिक्षण वर्ग का जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे जी एवं सहसंयोजक संतोष लोहानी, पुष्पेंद्र पटेल निभा गुप्ता जी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कार्य समिति की बैठक में मंचासीन अतिथियों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्री अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, जयसिंह नगर विधायक जयसिंह मरावी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, राकेश पांडे, संतोष लोहानी जिला महामंत्री अमित मिश्रा, पुष्पेंद्र पटेल निभा गुप्ता मौजूद रहे। जिला कार्य समिति के बैठक के पश्चात जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे जी ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी की उपस्थिति में शहडोल नगर मंडल की बैठक लेकर सभी संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अपना उद्बोधन दिया। जिला कार्य समिति की बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला पदाधिकारी मोर्चा जिला अध्यक्ष,महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष,महामंत्री एवं अपेक्षित श्रेणी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**38 घंटे में होंगे 11 सत्रः-**

जिला संयोजक राकेश पांडे ने जानकारी दी कि यह आवासीय प्रशिक्षण वर्ग कुल 38 घंटे का होगा। इसमें जिले भर से लगभग 147 से अधिक अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। दो दिनों में कुल 11 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रथम दिन 5 सत्र होंगे एवं दूसरे दिन-6 सत्र होंगे।

इन सत्रों में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, विचार परिवार, हमारा इतिहास-विकास, कार्यकर्ता विकास, कार्य विस्तार, हमारा सैद्धान्तिक अधिष्ठान, बूथ प्रबन्धन व मन की बात, कार्य पद्धति एवं देश के समक्ष सामाजिक व राजनैतिक चुनौती सहित विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता एवं प्रशिक्षक अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेंगे।

**पहले दिन का कार्यक्रमः-**

16मई शनिवार को सुबह 9-10 बजे तक पंजीयन एवं एकत्रीकरण होगा। सुबह 11 बजे उद्घाटन सत्र के साथ प्रथम सत्र की शुरूआत होगी। प्रथम दिन कुल 5 सत्र संपन्न होंगे। एवं दूसरे दिन 6 सत्र होंगे एवं रात्रि भोज के बाद रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात रात्रि विश्राम होगा।

**दूसरे दिन का कार्यक्रमः-**

17 मई रविवार को सुबह 5:00 बजे जागरण होगा। 6:30 से 7:30 तक योग-व्यायाम व अल्पहार के बाद सुबह 9:30 बजे से सत्रों की शुरूआत होगी। इस दिन भी 6 सत्र आयोजित होंगे। शाम 5 बजे प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया जाएगा।

**ये दिग्गज रहेंगे मौजूदः-**

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय बनाना है।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रमुख रूप से जबलपुर विधायक एवं शहडोल जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे एवं जिला प्रशिक्षण प्रभारी श्री अजय सिंह पटेल जी विशेष रूप से प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहेंगे एवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा तय किए गए वक्ताओं का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण वर्ग सत्र में मिलेगा।

जिला संगठन ने सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकताओं को समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

**भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बाणसागर रेस्ट हाउस में हुई संपन्न**

बैठक में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी सीधी सांसद राजेश मिश्रा जी संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया जी जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे जी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी, विधायक जयसिंह मरावी जी विधायक शरद कोल जी पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह जी की उपस्थिति में संगठनात्मक एवं विभिन्न विषयों को लेकर कोर ग्रुप की बैठक हुई संपन्न।

# बाबू जगजीवन राम वार्ड की सफाई व्यवस्था मे लगा ग्रहण

**समाज जागरण**

कटनी /उपनगरीय क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक उन्नीस बाबूजगजीवन वार्ड की सफाई व्यवस्था में इन दिनों ग्रहण सा लगा हुआ है। समूचे क्षेत्र में सफाई के नाम पर हो रही खाना पूर्ति से समूचा वार्ड कराह रहा है ।वार्ड पार्षद से लेकर आम जनमानस द्वारा वार्ड दरोगा से वार्ड में बजबजाती, गंदे पानी के निकास की नालीयों को साफ कराने हेतु जब जब उनसे संवाद किया जाता है,तो वे विभागीय अधिकारीयों द्वारा उन्हें अन्य कार्यों में संलग्न करके मूल दायित्वों से उन्हें प्रथक रखने को असली वजह बता रहे हैं ।वार्ड में फैली पसरी गंदगी के चलते वार्ड वासियों को हो रही परेशनी से निजात दिलाने की दिशा में विभाग से सकारात्मक कार्यवाही की अपेक्षा करते हुए, क्षेत्रीय नागरिकों में कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत, टी. के. दास, संदीप रजक, उमेश पासवान, राजेश श्रीवास्तव, रामसूचित सिँह, रमेश सराठे, विक्रांत श्रीवास्तव, शैलेश राजपूत, सुरेश श्रीवास्तव, मुकेश तिवारी, शिवा सैनी, आशु तिवारी सहित अनेकों अनेक लोगों ने नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखकर, पत्र में लोगों के जानमाल से जुड़ी इस बुनियादी समस्या के समाधान में गंभीरता का रुख अख्तियार करने की अपील की गयी है ।लोगों ने बताया गया कि,वार्ड सफाई दरोगा द्वारा वार्ड में जानबूझकर सफाई न कराने की पुष्टि इस बात से भी उभर कर सामने आती है कि ,जब भी सफाई दरोगा से नालियों की सफाई कराने का प्रस्ताव दिया जाता है,तो उनके द्वारा स्वयं अपनी शिकायत कराने हेतु जनता जनार्दन के सामने गिड़गिड़ाने जैसी स्थिति निर्मित की जाती है ।गत दिवस बाबूजगजीवन राम वार्ड की समस्यायों से रूबरू होने वाले निर्मित ग्रुप में वार्ड दरोगा द्वारा वार्ड के वासिन्दों को संबोधित लेख में इस बात का उल्लेख करके उसे पोस्ट किया जा चुका है कि, मेरी शिकायत आप लोग सी. एम. हेल्पलाइन में करें, तभी वार्ड की वेपटरी हो चली सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकेगा। क्षेत्रीय नागरिकों ने वार्ड दरोगा और निगम के अधिकारीयों के मध्य चल रहे विवाद को सुलझाने हेतु निदानात्मक कार्यवाही की अपेक्षा निगम प्रशासन से खुलकर किये हैं।



# भाजपा जिला स्तरीय कामकाजी बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती पर जोर

**समाज जागरण**

उमरिया । भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय मासिक कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय भरौली में संपन्न की गई। बैठक में संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडे वरिष्ठ नेता मिथिलेश पयासी और भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल की मुख्य रूप से उपस्थिति रही है।



बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित बैठक प्रारंभ की गई। कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह यह बैठक की जानी है जो प्रत्येक माह के 8 से 10 तारीख के बीच संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि बीते दिनों मासिक बैठक जिले के सभी मंडलों में संपन्न की जा चुकी है। वहीं इसके पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग भी सभी मंडलों में बेहतर तरीके से संपन्न किया गया है, जिसके लिए सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल के पदाधिकारी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में सभी पदाधिकारी की 100 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह में कामकाजी बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें वह स्वयं उपस्थित रहेंगे। हर महीने होने वाली कामकाजी बैठक में पूर्व के किए गए कामों की समीक्षा की जाएगी और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बैठक में बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी से हस्ताक्षर कारण जिससे यह पता चलेगा कि कौन कब अनुपस्थित रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन के दिए गए निर्देशों डेटन का निर्माण पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। मंडल से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ को मजबूत बनाना है, जिससे आने वाले समय में नगरीय निकाय और अन्य चुनावो में हमें भरपूर सफलता मिल सके। जींद जिला पदाधिकारी को मंडल का प्रभारी बनाया गया है वह सभी निरंतर अपने परिवार वाले मंडलों का दौरा करते रहे और मंडल अध्यक्षों से तालमेल बनाकर रणनीति तैयार करें। जिन मंडलों के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र हैं वह सतत नगरीय क्षेत्र का भ्रमण कर वर्तमान पार्षद,वार्डों के प्रभारी और प्रभावशील व्यक्ति से संपर्क स्थापित करे। इसी महीने जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग होना है जिसमें सभी अपेक्षित पदाधिकारी की 100 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने किया वहीं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री हरीश विश्वकर्मा ने किया बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सुमित गौतम, धनुषधारी सिंह, इंद्रभान त्रिपाठी, अमृतलाल जायसवाल, अमित सिंह, महामंत्री राधेलाल कोल,जिला मंत्री पंकज तिवारी,श्रीमती प्रीति पयासी, पूजा बैगा, ममता सिंह, सह कार्यालय मंत्री नीरज चांदनी नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, चंदिया मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, कोहका मंडल अध्यक्ष मैक्स साहू, मानपुर मंडल राममोल केवट, मंडल अध्यक्ष पाली राधा तिवारी, बिजोरी मंडल अध्यक्ष हरिहर प्रसाद चतुर्वेदी, नगर मंडल मंत्री सुजीत सिंह भदोरिया, सोशल मीडिया से श्रीधर राव, नितिन बासनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोतमा में आज से बहेगी भक्ति रस की पावन गंगा

## तिवारी परिवार में साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ, निकली शोभायात्रा

**समाज जागरण**

कोतमा --- श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज से कोतमा में तिवारी परिवार में होने जा रहा है। जिसके लिए आज तिवारी निवास में निर्मित यज्ञ शाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि बनिया टोला में स्थित बूढ़ी माता मंदिर से होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर के देवी मंदिर में जाकर पूजा आराधना कर यज्ञ में पहुँच कर यज्ञ शांति पूर्ण संपन्न कराने की प्रार्थना की गयी। इस शोभायात्रा में व्यासस्वरुप पूज्यपाद आचार्य प्रवर डां राम कृपाल त्रिपाठी जी गोधूलि धाम वृन्दावन धाम और परीक्षित स्वरूप पूज्य पाद बाल्मीक तिवारी एवं बहन जी श्रीमती माया तिवारी ने अपने सिर पर भगवत स्वरूप भागवत पुराण को सिरोधार्य कर देव स्थलों पर पहुँच कर प्रार्थना करते हुए शोभायात्रा वापस यज्ञ शाला पहुंची। इस शोभायात्रा में तिवारी परिवार के बंधु बांधवो, उनके रिश्तेदारों और इष्ट मित्रों ने बढ चढ़ कर भाग लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पडा, जिससे शोभायात्रा का उत्साह बहुगुणित हो गया। कोतमा बनिया टोला में बूढ़ी माता मंदिर के समीप में तिवारी परिवार में साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 09 मई से 16 मई तक अनवरत रूप से चलेगा।



शोभायात्रा के बाद आज श्रीमद भागवत कथा शुरू हुई, जिसमें वेद व्यास स्वरूप गुरु जी ने श्री मद भागवत कथा के माहात्म्य का पाठ करते हुए कहा की यह भागवत की पुण्य दायी कथा कलयुग के दुखो, पापो और तापो से मुक्ति की अमृत धारा है, जिसमें डुबकी लगाकर कलयुग मे मानव भगवद प्राप्ति का सुगम उपाय है। यह भागवत कथा ज्ञान, वैराग्य और भक्ति की कथा है, जो इस पुण्यमयी कथा का श्रवण करता है उसे सहज ही भगवद् की भक्ति ,सुलभ होती हैं साथ ही वैराग्य के माध्यम से भव बंधन से मुक्ति मिलती है।श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर मुख्य रूप से माहात्म्य, मंगलाचरण, भागवत कथा की महिमा का श्रीमुख से वर्णन करते हुए कहा कि नौमिषरण्य तीर्थ में जब सत्रह पुराण की कथा से भव बंधन से मुक्ति मिलने का जब सहज मार्ग नहीं मिला तब श्री मद भागवत की कथा का सहारा लेकर श्री मद भागवत पुराण के माहात्म्य का रस पान किया जाकर उसका मूल्यांक किया गया,तो मिलता है कि भागवत कथा के सामने अमृत भी फीका है ।इस दृष्टांत कहते हुए कहा की देवताओं ने श्री सुखदेव महराज जी से भागवत कथा के बदले अमृत कलश के बदले भागवत कथा सुनाने से मना कर दिया। इसलिए भागवत कथा अमृत से भी ज्यादा महिमा मयी है। परीक्षित के जन्म की कथा, कलयुग का प्रवेश, परीक्षित श्राप की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को सारगर्भित भावो को समझाया गया। आज प्रथम दिवस की कथा से श्रद्धालुओं में आनंद भाव की सरिता में डुबकी लगा भाव विभोर हो गयें।

# रामपुर बटुरा ओसीएम में मजदूरों का महाविस्फोट

## वेतन विसंगति और शोषण के खिलाफ खदान गेट पर उफना जनाक्रोश, जय अम्बे कंपनी को दी आर-पार की चेतावनी

**समाज जागरण**

शहडोल। कोयले की काली कालिख से उजाला पैदा करने वाले मजदूर जब अपने ही हक और सम्मान के लिए सड़क पर उतर आएं, तो समझिए भीतर कहीं न कहीं वर्षों से सुलग रहा असंतोष अब ज्वालामुखी बन चुका है। एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत रामपुर बटुरा ओसीएम में उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए, जब निजी ठेका कंपनी जय अम्बे कंपनी के खिलाफ मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा। वेतन विसंगति, कथित शोषण और सुविधाओं में कटौती से नाराज मजदूरों ने खदान गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया। सुबह से ही मजदूर बड़ी संख्या में खदान के मुख्य द्वार पर जुटने लगे। देखते ही देखते पूरा क्षेत्र हक नहीं तो काम नहीं और शोषण बंद करो जैसे नारों से गूंज उठा। आंदोलन की तीव्रता को देखते हुए कंपनी प्रबंधन के हाथ-पांव फूल गए, वहीं स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल को भी मौके पर पहुंचना पड़ा।

**वेतन विसंगति बना आंदोलन की बड़ी वजह**

मजदूरों का आरोप है कि कंपनी द्वारा हाई पावर कमेटी और केंद्र सरकार के निदेर्शों के अनुरूप वेतनमान लागू नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जोखिम भरे कार्य के बावजूद उन्हें निर्धारित मजदूरी और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा कि कोयला और ओबी हटाने जैसे कठिन कार्यों में दिन-रात मेहनत करने के बाद भी उन्हें उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। कई मजदूरों ने आरोप लगाया कि वेतन में भारी अंतर रखा जा रहा है और नियमों का हवाला देकर कर्मचारियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है।



मजदूर नेताओं ने साफ कहा कि अब यह लड़ाई केवल वेतन की नहीं, बल्कि सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है।

**कामकाज पूरी तरह ठप, उत्पादन पर संकट**

आंदोलन का असर खदान के पूरे संचालन पर दिखाई दिया। मशीनों की आवाज थम गई और उत्पादन कार्य लगभग बंद हो गया। खदान के भीतर और बाहर सैकड़ों मजदूर प्रदर्शन में शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार यदि यह आंदोलन लंबा खिंचता है तो सोहागपुर एरिया के उत्पादन लक्ष्य पर बड़ा असर पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता और वेतनमान लागू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रबंधन की चुप्पी से बढ़ा आक्रोश

मामले में सबसे ज्यादा चर्चा कंपनी प्रबंधन की चुप्पी को लेकर रही। प्रदर्शन के दौरान मजदूर लगातार प्रबंधन से बातचीत की मांग करते रहे, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अधिकारी सामने नहीं आया।

मजदूरों का कहना है कि कंपनी अब पर्दे के पीछे से आंदोलन को कमजोर करने और श्रमिकों को बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन इस बार कर्मचारी पीछे हटने के मूड में नहीं हैं।

आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा था, जिसके कारण आज स्थिति विस्फोटक बन गई है।

**प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर**

हालात बिगड़ते देख अमलाई थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने मजदूरों और कंपनी प्रतिनिधियों से चर्चा कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है। वहीं श्रमिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

ह्नहक नहीं तो काम नहींह्व से गूंजा खदान क्षेत्र

प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि वे अपने अधिकारों से पीछे हटने वाले नहीं हैं। कर्मचारियों ने साफ कर दिया कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि लिखित आदेश और वास्तविक कार्रवाई चाहिए।

रामपुर बटुरा ओसीएम में उभरा यह आंदोलन अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है। मजदूरों का तेवर देखकर साफ है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो आने वाले दिनों में यह विरोध और बड़ा रूप ले सकता है।

# लोभ एक असाध्य रोग है जो त्याग से ही ठीक होता है-फलाहारी बाबा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के प्रधान की बरेजी में आयोजित श्री मद्भागवत कथा में अपने मुखारविंद से ज्ञान भक्ति एवं वैराग्य की कथा मृत की वर्षा करते हुए मानस मर्मज्ञ भागवत वेत्ता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री शिवराम दास जी फलाहारी बाबा ने उपस्थित श्रोताओं से कहा की पाप के बाप का नाम लोभ है ।राग रागिनी के लोभ से हिरण बंधन में बंध जाता है। प्रकाश के लोभ में पतंगा जीवन खो देता है। दाना चुगने के लोभ में पंछी जाल में फंस जाता है। मछली आटे के लोभ से अपना गला फंसा लेती है। फलाहारी जी महाराज ने कहा की लोभ एक असाध्य रोग है जो त्याग से ही ठीक होता है। क्रोध से बड़ा कोई दुश्मन नहीं है दरिद्रता से बड़ा कोई दुख नहीं है और ज्ञान से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने साफ साफ शब्दों में श्रोताओं से कहा की किसी का अपमान करने से बचना चाहिए अपमान से प्रतिशोध की अग्नि सुलगती है। अपमान भविष्य में विनाश का कारण बनता है। द्रोणाचार्य के मृत्यु का कारण उन्ही के द्वारा द्रुपद राजा का अपमान बना। द्रोणाचार्य द्रुपद राजा का अपमान नहीं किए होते तो दृष्द्युम्न द्रोणाचार्य के मृत्यु का कारण नहीं बनता।

कथा में मुख्य यजमान अजय राय उर्फ गुड्डु,अनिमेष प्रधान, अमरेश प्रधान, पुरुषोत्तम प्रधान, धनंजय प्रधान, अभय प्रजापति,सुनील प्रजापति, देवेंद्र प्रधान ,अजय प्रधान, संजय प्रधान,शिवजी राय, समेत भारी संख्या में श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सामाजिक कार्यकर्ता ने हाथों से बालू हटाकर किया सत्याग्रह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



जिलाधिकारी गाजीपुर के आवास के सामने सामाजिक कार्यकर्ता ने हाथों से बालू हटाकर किया सत्याग्रह ! उखड़ी हुई सड़क और गिट्टियों पर बैठकर जिम्मेदार अधिकारियों के सद्बुद्धि की किया कामना ! एकल सत्याग्रह करने वाले स्वतंत्र पत्रकार समग्र विकास इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजभूषण दूबे का कहना था कि पूरे शहर की सड़कों को लगभग ढाई तीन वर्षों से खोदकर छोड़ दिया गया है ! बरसात में जल जमाव होता है गर्मी में धूल उड़ती है, मोटरसाइकिल और साइकिल चलाने वालों को सर्वाइकल का प्रॉब्लम हो रहा है, उड़ती हुई धूल से बच्चों महिलाओं पुरुषों और वृद्धिजन के फेफड़े संक्रमित हो रहे हैं ! सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है जिनकी सेहत पर गड्ढों और धूल का बुरा असर पड़ता है !

अच्छी सड़कों पर चलना आमजन का मौलिक अधिकार है तथा इसके लिए गर्भ से लेकर शमशान घाट तक व्यक्ति सरकार को टैक्स देता है !

ब्रजभूषण दूबे ने कहा नवागत जिलाधिकारी का नाम अनुपम शुक्ला है जिसका अर्थ अद्वितीय, विलक्षण और बेमिसाल होता है ! डीएम अनुपम अपने नाम के अनुरूप जनपद की सबसे बड़ी समस्या का समाधान करके दिखाएं हम उनकी प्रशांत भी करेंगे अथवा टोका टाकी करना भ्रष्टाचार के खिलाफ ललकारना और गलत को गलत कहना आमजन के नागरिक कर्तव्य है जिसे हम करते रहेंगे ! ब्रजभूषण दूबे का कहना था कि जिले के जनप्रतिनिधि कुंभकरण की नींद सो रहे हैं चाहे वह सत्ता का हो या फिर विपक्ष का ! राजनीतिक दल अब आवाज उठाना भी बंद कर दिए हैं क्योंकि उन्हें डर है कि सरकार के इशारे पर अधिकारी और पुलिस कर्मी उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसा देंगे ऐसा लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है !

बालू हटाकर दिया संदेश- जिलाधिकारी आवास के सामने काफी दिनों से सफेद बालू फैला हुआ है जिस पर मोटरसाइकिल और साइकिल वाले फिसल जाते हैं ! अपने हाथ और पैर से बालू को हटाकर यह संदेश दिया कि ऐसे मामले में आमजन भी अपने ड्यूटी का पालन करें तथा जिम्मेदार लोगों को आईना दिखाएं !

करेंगे जनहित याचिका- ब्रजभूषण दूबे ने कहा कि अति शीघ्र जिले की सड़कों के गड्ढे नहीं भरे जाते, नालियां पाटी नहीं जाती तो हम इस मामले को लेकर जनहित याचिका उच्च न्यायालय में योजित करेंगे।

# दुद्धी को जिला बनाने की मांग तेज, कचहरी गेट पर प्रदर्शन

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर शनिवार को दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष समिति एवं अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दुद्धी को शीघ्र जिला घोषित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र सरकार के मंत्रियों तथा नेताओं द्वारा दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।




उन्होंने सरकार से चुनावी वादा पूरा करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि दुद्धी को जिला बनाए जाने की मांग कई दशकों से लगातार उठाई जा रही है। क्षेत्र जिला बनने के लगभग सभी मानकों को पूरा करता है और यहां से सरकार को भारी राजस्व भी प्राप्त होता है। इसके बावजूद दुद्धी को जिला का दर्जा नहीं दिया जाना क्षेत्र की उपेक्षा है।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं और संघर्ष समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



डॉ राममनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज, अध्यात्मपुरम, गाजीपुर द्वारा बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए स्काउट-गाइड संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में गाजीपुर मुख्यालय से पधारे अखिलेश यादव ने अत्यंत मनोयोगपूर्वक पाठ्यक्रम आधारित स्काउट-गाइड के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों को प्रशिक्षुओं को विस्तार से समझाया। शिविर का सफल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें संयोजक श्री राजेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्काउट गाइड द्वारा बनाए गए टेंट शिविरों का भी अतिथि गण द्वारा अवलोकन किया गया जो प्रशंसनीय था।

जीवन में स्काउट-गाइड के महत्व को रेखांकित करते हुए आयोजित इस पंचदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो विनोद मिश्र थे, जो विश्व हिंदी सचिवालय मारीशस के पूर्व महासचिव रह चुके हैं तथा वर्तमान में त्रिपुरा विश्वविद्यालय अगरतला में संकायाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर वे अपनी पत्नी श्रीमती गायत्री मिश्र तथा पुत्री मनीषा मिश्र के साथ उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रो. विनोद मिश्र ने महाविद्यालय के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि उनकी तपस्थली है। उन्होंने कहा कि अत्यंत कम शुल्क में उपेक्षित एवं वंचित वर्ग को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना इस संस्थान की बड़ी विशेषता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मवीर सत्यदेव सिंह के दोनों पुत्र, आनंद सिंह एवं सानंद सिंह, उनके शैक्षिक स्वप्नों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के सीएमडी प्रो आनंद सिंह ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के उद्देश्यों और महत्व पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन युवाओं में अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और राष्ट्रसेवा की भावना से भी समृद्ध करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विजेंद्र कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल परिसर में प्रातःकालीन सभा के दौरान मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शोभा विद्यालय की प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह , प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी तथा उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार ने सर्वप्रथम मां सरस्वती व महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके किया।

तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मातृ प्रेम, त्याग एवं ममता पर आधारित सुंदर भाषण से हुआ। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि माँ का प्रेम संसार का सबसे अनमोल उपहार है और एक माँ ही अपने बच्चों के जीवन को सही दिशा प्रदान करती है।

इसके पश्चात जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा एक अत्यंत भावपूर्ण एवं हृदयस्पर्शी नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने माँ और बच्चों के अटूट रिश्ते को सुंदर ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया तथा पूरे प्रांगण में तालियों की गूंज सुनाई दी।

इसके बाद महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अवनीश राय द्वारा प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उन्होंने महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान, देशभक्ति एवं संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह ने अपने आशीर्वचनों से सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा,

"माँ का प्रेम जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और महाराणा प्रताप जैसे महान वीर हमें साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देते हैं। हमें सदैव अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए तथा अपने संस्कारों और संस्कृति से जुड़े रहकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।"

इसके पश्चात प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा,

"माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है, जिनके त्याग और स्नेह का मूल्य शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मां की महत्ता को दशार्ते हुए उन्होंने चार पंक्तियों को प्रस्तुत करते हुए कहा-

'मां गीता है मां रामायण है
मां गंगा का निर्मल पानी है
मां के आंचल में सब सुख है
मां कृष्णा और राम की कहानी है'

वही उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप का अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं देशभक्ति की भावना का विकास करते हैं।"

अंत में उप-प्रधानाचार्य आवेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,

"माँ अपने बच्चों के लिए सब कुछ होती है और उनके महत्व को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है।"

देशभक्ति, संस्कार एवं मातृ सम्मान की भावनाओं से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का संचालन चंदनू तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी,अमित कुमार सिंह, प्रीतिमा कुशवाहा, महेश, शुभम, अभिमन्यु समेत सभी शिक्षक गण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# डीएवी के प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने जिले में लहराया परचम, सफलता पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

**समाज जागरण/**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर के पांचवीं का छात्र प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने प्रतिष्ठित हिंदुस्तान ओलंपियाड- 2026 में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रसिद्ध श्रीवास्तव ने अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रार्थना सभागार में प्राचार्य राजकुमार ने प्रसिद्ध श्रीवास्तव को हिंदुस्तान अखबार की ओर से प्रशस्तिपत्र, मेडल एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रसिद्ध श्रीवास्तव के पिताजी डॉ० राजेश कुमार श्रीवास्तव को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य ने कहा, जो बच्चे ओलंपियाड में टॉपर्स नहीं हुए हैं, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। जो जितना साहसी होगा, परिश्रम करेगा; वह उतना हीं आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक सोच हीं आपको आगे ले जाएगी। इस अवसर पर डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रसिद्ध श्रीवास्तव की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से हीं यह संभव हो सका है। उन्होंने कहा, हम हिन्दुस्तान अखबार की इस पहल की सराहना करते हैं जो विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान करता है। ओलंपियाड के इंचार्ज शिक्षक नीरज गुप्ता ने कहा कि डीएवी परिवार प्रसिद्ध श्रीवास्तव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में प्रसिद्ध के साथ-साथ विद्यालय के अन्य अनेक छात्र हिंदुस्तान ओलंपियाड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपना और इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। ओलंपियाड समग्र विकास एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार तिवारी, जय सिंह, एस पी तिवारी, डी सी शुक्ला, मीना सिंह, अरूण कुमार सिंह, माधुरी यादव, श्रद्धा ठाकरे, नम्रता चौधरी, शुभेंद्र कुमार, कंचन कुमारी के साथ-साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर काव्य गोष्ठी का हुआ आगाज, कवियों और अतिथियों का, किया गया सम्मान

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**



सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन की ओर से मेवाड़ केसरी महाराणा प्रताप की जयंती पर मातृभूमि को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन शनिवार को रॉबर्ट्सगंज शहर में किया गया। कवियों व अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा, धर्मवीर तिवारी व समाजसेवी कमलेश सिंह खांबे द्वारा महाराणा प्रताप के छाया चित्र पर दीपदान व माल्यार्पण से विधिवत आयोजन का आगाज हुआ। आयोजक सुशील मिश्रा ने भारत भारती की वंदना करते हुये देशवा के खातिर देहले परनवां, बचाइ लेले हो भारत माता के शनवां सुनाकर वाहवाही लूटी। संयोजन कर रहे शहीद स्थल करारी प्रमुख प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने राणा का रण देख देख हल्दीघाटी थरार्ती है, भामाशाह बने साथी हिंद की ए परिपाटी है, घास की रोटी खाकर भी आन बान हित रहे सदा, राजस्थान भाल मेरा धन्य धन्य यह माटी है सुनाकर पूरी महफि ल लूट लिया। अशोक तिवारी संचालक ने जो सिक्कों की खनक पर बिक जाये, वो मेरी नजर मे हुस्न नहीं सुनाकर लुभाये। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने, देश वंदना करते हुए बड़ा ही सुंदर मेरा वतन है सुनाकर मुखर अभिव्यक्ति दी। सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम, दिलीप सिंह दीपक, विवेक चतुर्वेदी, दयानंद दयालू ने भी वीर रस की रचनाओं से त्याग, वीरता, पराक्रम के अद्वितीय योद्धा को नमन किया। अंत में मुख्य अतिथि कमलेश सिंह खांबे ने राणाप्रताप को समर्पित वक्तव्य देकर तथा अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के आशीर्वचन से विराम दिया गया। इस अवसर पर जय शंकर त्रिपाठी एडवोकेट, लालता प्रसाद मिश्र, आत्म प्रकाश तिवारी एडवोकेट, देवानन्द पांडेय एड, राकेश दूबे एड, फारुख अली हाश्मी, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ "थाना समाधान दिवस"

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर जन समस्याओं को सुना गया तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयी। समाधान



दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 03 व राजस्व से सम्बन्धित 84 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 157 प्रार्थना पत्रों में से 79 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 88 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण, 26 करोड़ से ज्यादा की समाधान राशि

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**



सोनभद्र। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के अध्यक्ष रामसुलीन सिंह के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायालय परिसर में किया गया, जहां विभिन्न न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। इस दौरान मा० जनपद न्यायाधीश ने बैंकों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण का आह्वान किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जल बिल सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 3,772 मामलों का निस्तारण करते हुए 4 करोड़ 33 लाख 58 हजार 222 रुपये की समाधान धनराशि तय की गई। वहीं राजस्व न्यायालयों, अन्य विभागों एवं प्री-लिटिगेशन के 83,780 मामलों का निस्तारण हुआ, जिनकी समाधान राशि 19 करोड़ 56 लाख 34 हजार 312 रुपये रही। इसके अतिरिक्त निजी एवं सार्वजनिक बैंकों के 474 मामलों का निस्तारण करते हुए 2 करोड़ 54 लाख 71 हजार 904 रुपये की समाधान धनराशि तय की गई। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 88,026 मामलों का अंतिम निस्तारण किया गया, जिसकी कुल समाधान धनराशि 26 करोड़ 44 लाख 64 हजार 438 रुपये रही। साथ ही 7 से 9 मई तक आयोजित विशेष लोक अदालत (पेटी ऑफेन्सेज) में 26 लघु अपराध मामलों का भी निस्तारण किया गया।

# फ़्लोरोसिस प्रभावित गांवों में हर घर नल योजना फेल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/**
**समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद के नवसृजित विकासखंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन हर्रा-कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत संचालित हर घर नल योजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। फ्लोरोसिस प्रभावित कचनरवा, कुड़वा और आसपास के कई गांवों में वर्षों से जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल बहादुर चौधरी की अगुवाई में असनाबांध में ग्रामीणों ने जल निगम और कार्यदायी संस्था विष्णु प्रकाश आर पुंगलिया लिमिटेड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत कई गांवों में अब तक नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं हुआ है, जबकि जहां कनेक्शन दिए गए हैं वहां आज तक एक बूंद पानी नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि वे आज भी नदी-नाले और चुहाड़ का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे फ्लोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी फैल रही है। ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था पर घटिया निर्माण, पाइपलाइन की कम गहराई और लापरवाही के आरोप लगाए। समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने कहा कि गरीब आदिवासी परिवार वर्षों से शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और संस्था केवल आश्वासन देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने संस्था को तत्काल ब्लैकलिस्ट करने की मांग की। वहीं जिला पंचायत सदस्य छविंद्र नाथ चेरो ने आरोप लगाया कि कचनरवा, असनाबांध, मधुरी, सिंगा, बड़ाप और बागेसोती सहित कई गांवों में वर्षों से पानी की सप्लाई बंद है। प्रदर्शन में राजेंद्र उरांव, लालचंद, गोपाल, मनोज, मनिया देवी और जलवंती देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर जल्द शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा दोषी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# आरंगपानी में नल जल योजना ठप, पानी के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**ब्यूरो विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत आरंगपानी में नल जल योजना के तहत पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी सोनभद्र के नाम शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर जल्द पानी सप्लाई बहाल कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नल जल योजना चलाई जा रही है, लेकिन आरंगपानी में यह योजना केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। कई दिनों से नियमित पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों को दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चले जाने से हैंडपंप भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। समाजसेवी राजू कुमार गुप्त के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजू कुमार गुप्त, राम लखन प्रजापति, सरोज देवी, रणजीत सिंह, उदयभान सिंह, सुशीला देवी, सुरेश कुमार, राम प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, हीरा सिंह खरवार, दयाशंकर गोड़, रामाऔतार खरवार, संजय कुमार, भूरेश्वर और किरामती सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नल जल योजना के तहत नियमित पानी सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



# बिना अभिभावकों के मिले तीन नाबालिग बच्चों को पुलिस ने सकुशल चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना पुलिस ने तीन नाबालिग बच्चों को सकुशल चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सोनभद्र को सौंप दिया है। ये बच्चे तेलगुड़वा क्षेत्र में बिना किसी अभिभावक के पाए गए थे। यह जानकारी 8 मई 2026 को डायल-1098 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां तीनों बच्चे मिले। पूछताछ के दौरान बच्चों ने अपने नाम कैरा (लगभग 8 वर्ष), टेम्पू (लगभग 5 वर्ष) और कल्लू (लगभग 6 वर्ष) बताए। उन्होंने अपने पिता का नाम शिवकुमार बताया, लेकिन अपना सही पता नहीं बता पा रहे थे। पुलिस टीम ने बच्चों की पहचान के लिए आसपास के गांवों में प्रयास किया, लेकिन कोई उनकी पहचान नहीं कर सका।

इसके बाद, चाइल्ड हेल्पलाइन सोनभद्र को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया। बच्चों को चोपन थाना लाया गया, जहां चाइल्ड हेल्पलाइन सोनभद्र की टीम के सदस्य रविन्द्र कुमार (पुत्र छविनाथ) अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद तीनों बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सोनभद्र को सुरक्षित सौंप दिया गया।

# काशी के आचार्य कृष्ण कांत तिवारी बने स्वीडन के मंदिर के पुजारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी की धार्मिक परंपरा अब विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना रही है। काशी के युवा वैदिक आचार्य कृष्णकांत तिवारी को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम स्थित हिंदू मंदिर में नियमित पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया है।बताया जा रहा है कि चयन प्रक्रिया के दौरान उनसे कर्मकांड, आरती, राग-भोग और धार्मिक विधियों से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए। वैदिक ज्ञान के साथ योग और कराटे में उनकी दक्षता ने उन्हें अन्य उम्मीदवारों से अलग पहचान दिलाई। चयन के बाद उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है। रहने और भोजन की व्यवस्था भी संस्था की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई गई है।स्टॉकहोम के इस हिंदू मंदिर में भगवान विष्णु, महेश सहित कई देवी-देवताओं की नियमित पूजा की



जिम्मेदारी आचार्य कृष्ण कांत निभा रहे हैं। धार्मिक वीजा के नियमों के अनुसार वे फिलहाल छह महीने तक वहां सेवाएं देंगे। उन्हें वैदिक कर्मकांड और धार्मिक अनुष्ठानों का लगभग एक दशक का अनुभव है। उन्होंने वाराणसी में रहकर संस्कृत विषय में शास्त्री और आचार्य की शिक्षा प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार, बीएचयू के पूर्व छात्र और वर्तमान में स्वीडन में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. अंशुमान सिंह ने उन्हें इस अवसर के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। उनकी योग्यता और अनुभव को देखते हुए स्टॉकहोम हिंदू सोसायटी ने उन्हें मंदिर सेवा के लिए चुना।

यह मंदिर स्वीडन में बसे हिंदू समुदाय के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए पहुंचते हैं, जबकि त्योहारों पर भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। आचार्य कृष्ण कांत यहां पूजा-पाठ, यज्ञोपवीत, धार्मिक अनुष्ठान और विशेष आरती जैसी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

आचार्य का कहना है कि विदेश में रहकर सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना उनके लिए गर्व की बात है। वे भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों और वैदिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# नुक्कड़ नाटक द्वारा प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। इको प्रिज्म संस्था द्वारा ग्रामीण विकास समूह बैठक के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यक्रम के तहत वाराणसी से आए प्रेरणा कला मंच के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीतों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पहला नुक्कड़ नाटक गांव में तथा दूसरा बेनीपुर खुर्द के बारी क्षेत्र में आयोजित किया गया।

कलाकारों की टीम ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा पेड़ों के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेड़-पौधों के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महाकवि कालिदास द्वारा रचित अभिज्ञान शाकुंतलम एवं मेघदूत जैसी प्रसिद्ध रचनाओं का उल्लेख करते हुए उनसे मिलने वाली शिक्षाओं को भी ग्रामीणों के बीच साझा किया गया।लोकगीत एवं संवादों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित किया गया। नाटक में खुजली, टी.बी., बुखार एवं मस्तिष्क ज्वर जैसी गंभीर बीमारियों को पर्यावरण प्रदूषण से जोड़ते हुए लोगों को जागरूक किया गया। प्रेरणा कला मंच द्वारा दो प्रेरणादायक गीत भी



प्रस्तुत किए गए, जिन्हें किसानों एवं ग्रामीणों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ सुना।कार्यक्रम में दोनों स्थानों पर मिलाकर लगभग 150 पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना, समझा तथा उसका आनंद लिया।बैठक के दौरान किसानों के दोनों समूहों में स्प्रे मशीन का वितरण भी किया गया। किसानों को बताया गया कि यह मशीन केवल जैविक उत्पादों के छिड़काव हेतु दी जा रही है तथा इसमें किसी प्रकार के रासायनिक (केमिकल) स्प्रे का उपयोग नहीं किया जाएगा। साथ ही यह निर्देश भी दिया गया कि मशीन किस किसान द्वारा किस तिथि को उपयोग हेतु ली जा रही है तथा उसमें किस जैविक घोल का छिड़काव किया गया, इसका रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा।

संस्था के सदस्यों द्वारा स्प्रे मशीन को अनबॉक्स कर किसानों को उसका उपयोग समझाया गया तथाह्यूमिक एसिड का छिड़काव दो किसानों के खेतों में प्रदर्शन के रूप में किया गया। इसके अतिरिक्त बारी बस्ती में बीआरसी 2अखिलेश जी द्वारा कुछ महिलाओं को एन पी के सेल्यूशन एवं दशपर्णी अर्क भी वितरित किया गया।गांव में नुक्कड़ नाटक से प्रभावित होकर सुक्खू जी ने अपनी बस्ती में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं प्रेरणा कला मंच के सदस्यों को गुलाब के पौधों का वितरण किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था प्रतिनिधि संजय पटेल ने अपनी पूरी टीम सहित ऋतिका सिंह, हरीश पाल एवं रेखा जी की ओर से प्रेरणा कला मंच के सभी कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय को प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में ग्रामीणों ने प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

# ढाबा में भीषण आग से चार लाख का नुकसान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सिंधोरा बाजार क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे एक ढाबे में शार्ट सर्किट के चलते आग लगने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।

सिंधोरा बाजार निवासी अमित सोनकर किराए पर दुकान लेकर ढाबा चलाता है। शनिवार की सुबह शार्ट सर्किट के चलते आग गई। देखते ही



देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा फर्नीचर, फ्रीजर, काउंटर के साथ शुक्रवार को 80 हजार रुपये का आया राशन भी जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार इस हादसे में करीब 4 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया।

गनीमत रही कि आग फैली नही वरना अगल-बगल स्थित कपड़े की दुकाने चपेट में आती तो भारी नुकसान होता। लेकिन ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। अक्सर सिंधोरा क्षेत्र में हो रही आग की घटना को देखते हुए सिंधोरा उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल व पदाधिकारियों ने थाने पर गर्मी के दिनों में अग्निशमन वाहन तैनाती की मांग की है।

# वी पी एस राजातालाब में मनाया गया मातृ दिवस

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। मातृ दिवस की पर वाराणसी पब्लिक स्कूल बंगालीपुर,राजातालाब, वाराणसी में मातृ दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अदिती पटेल, (विधायक प्रतिनिधि सेवापुरी) तथा सुश्री मानसी पटेल ( एस.आई. राजातालाब), विद्यालय के उपप्रबंधक शशिकांत गुप्ता, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार, समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकागण तथा अभिभावकगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मातृ प्रेम, सम्मान और स्नेह की भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों के द्वारा अपनी माताओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक क्रार्यक्रम प्रस्तुत




की गई। साथ ही विद्यालय में विभिन्न मनोरंजक गतिविधिओं एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें माताओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया। माँ और बच्चें से जुडें ,खेल एवं विषेश सम्मान, समारोह क्रार्यक्रम का आकर्षकण रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि माँ बच्चे की प्रथम गुरू होती है तथा उसके संस्कार और सफलता में माँ की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी माताओं को मातृदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके त्याग, प्रेम और समर्पण को नमन किया । क्रार्यक्रम के अन्त में सभी माताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन ने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों के बीच आत्मीयता और प्रेम का सुन्दर सन्देश दिया।उपरोक्त जानकारी प्रधानाचार्य दिलीप कुमार के द्वारा दी गई ।

# राजेश्वरी महिला महाविद्यालय में मदर्स डे की धूम ,छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माँ की ममता को किया नमन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तरमहाविद्यालय में 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य, गायन, भाषण और नाटक के माध्यम से माँ के प्रति अपने अगाध प्रेम, सम्मान और उनके त्याग की भावना को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं का दबदबा रहा। उनकी प्रतिभा ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया सुहाना खानम ने माँ की महिमा पर एक बेहद प्रभावशाली और प्रेरक भाषण दिया।रिमझिम राज ने अपनी मधुर आवाज में गीत गाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।अंशुलिका, गुलाप्सा, खुशी, सपना और सोनम के समूह ने माँ के संघर्षों पर आधारित एक मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया।सपना कुमारी की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.




राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा एक व्यक्ति के जीवन में माँ का स्थान सर्वोच्च होता है। माँ केवल जन्मदाता ही नहीं, बल्कि संस्कार और शक्ति का पुंज भी है। आज की युवा पीढ़ी को अपनी माँ के त्याग का सम्मान करना चाहिए।"

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. के. तिवारी ने कहा उत्साह, उमंग और आनंद से छात्राओं ने प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि समाज में माँ के महत्व का संदेश भी प्रसारित किया।

प्रमुख रूप से उपनिदेशक अंशुमान सिंह, इकबाल अहमद ,शालू गिरी ,सरोजा कुमारी ,शिल्पी श्रीवास्तव व सोनी चौरसिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रीति राय ने किया।

# सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 99 गर्भवती महिलाओं की हुयी जांच

## 03 मरीजों को किया गया जिला अस्पताल रेफर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पर आज शनिवार को सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम में कुल 99 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गयी। 8 गर्भवती हाईरिस्क( उच्च जोखिम)में पायी गयी। 03 गर्भवती को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से हर महिने की 9 तारीख को सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें बीपी, शुगर, एचआईवी,हीमोग्लोबिनआदि जांच की जाती है और मुफ्त अल्ट्रासाउंड कराया जाता है।।



डॉ. नन्दआसरे और डॉ0 मनु चतुवेर्दी , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता ,अपर शोध अधिकारी श्रीनाथ यादव, बीपीएम बसंतलाल श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स अंजना सिंह ,संजू कुमारी ,रोजमेरी बोथा फार्मासिस्ट विद्या प्रकाश दुबे , फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,सुपरवाइजर माखन शर्मा ,मनीष कुमार गुप्ता, संदीप कुमार भारती ,संतोष कुमार ,राकेश कुमार, ार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह, एएनएम सुचिता सिंह, इंद्रकला, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर शशिकांत शर्मा , स्वागत पटेल , समस्त आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विधायक त्रिभुवन राम ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के गोकुलपुर ,सहमलपुर स्थित गायत्री मेमोरियल स्कूल में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और तत्काल प्रभाव से पूरा करने का आश्वासन दिया।

विद्यालय व ग्रामपंचायत की ओर से विधायक टी0 राम व अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सर्वप्रथम स्वागत किया गया।

विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने कहा कि मेरे विधायक निधि से दो कांक्रीट सड़क जो गोकुलपुर से सहमलपुर जोड़ती है जिस पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।वही चार हाईमास्ट लाइट लगाई गई है जिससे लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

चौपाल में ग्रामीणों ने आजादी



के बाद से आज तक नहीं बनी सड़क लक्ष्मी अस्पताल से तालाब तक को बनवाने ,दस वर्षों से अधूरा पड़ा बारात घर की छत बनवाने और सन्तोष मिश्रा सहित अन्य ने मेडिकल अनुदान राशि दिलाने की मांग किया। विधायक ने कहा कि मेडिकल अनुदान के लिए पूरे पेपर उपलब्ध करा दें मिल जाएगी। सड़क व बारात घर के छत का निर्माण जल्द कराने का आश्वासन दिया। अन्य छोटी - छोटी समस्याओं का समाधान तत्काल पत्र लिखकर व अधिकारियों से मोबाइल वार्ता कराकर समाधान कराया।

चौपाल में प्रमुख रूप से कपिलनारायन पांडेय, अभिषेक पांडेय , विनोद पांडेय ,महेंद्र कुमार ,जयहिंद ,पूर्व प्रधान खुन्नू पटेल ,विनोद गौतम , नितेश कुमार सहित आस -पास गांवों के ग्रामीण शामिल रहे।

# शिएट की छात्रा अंजलि व मोनिका रजत व कांस्य पदक जीता

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। कश्मीर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशु चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी, आयर, वाराणसी की छात्रा अंजलि कुमारी और मोनिका ने क्रमशः 75 और 45 किलो भार वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीत कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है' छात्राओं को बधाई देते हुए महाविद्यालय के उप-प्रबंधक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि ये हम सभी के लिए गौरव




की बात है और महाविद्यालय द्वारा जिस उद्देश्य से अपने विद्यार्थियों को खेल सुविधाएं दी जा रही हैं उसकी पूर्ति इस रूप में होना सुखद है' इस तरह की उपलब्धि अन्य छात्र/छात्राओं के लिए भी प्रेरणादायी है '

प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी' ज्ञात हो कि पूर्व में भी अंजलि कुमारी आदि छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर महाविद्यालय और देश का नाम रौशन कर चुकी हैं ।

# प्रशासनिक अधिकारियों व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरी कला गांव में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क व कास्त की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में गहमागहमी का माहौल बना रहा। तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडेय, नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, इंस्पेक्टर लालगंज अभय कुमार सिंह तथा बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाया। बताया गया कि सड़क की भूमि पर



अतिक्रमण हटाने गई टीम को स्थानीय अतिक्रमणकारियों की ओर से महिलाओं के विरोध के कारण कई बार बैरंग लौटना पड़ा था। इस बार प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए भारी फोर्स के साथ कार्रवाई पूरी कराई। इंस्पेक्टर

अवैध कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद एवं तनाव की स्थिति बनी हुई थी। प्रशासन ने बुल्डोजर चलवाकर सड़क से लगी झुग्गी-झोपड़ी, नाद चन्नी तथा खूंटा आदि को हटवाकर भूमि को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में लालगंज अभय कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने मौके शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए बरौंधा चौकी इंचार्ज को सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 85,116 मुकदमों का निस्तारण, 7.65 लाख रुपये जुमार्ना वसूला गया

**समाज जागरण**

मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ला, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सत्य प्रकाश, अपर जनपद न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संतोष कुमार गौतम तथा पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पल्लवी सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा-द्वितीय ने न्यायिक अधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान किया जा रहा है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 85,116 मुकदमों का निस्तारण किया गया। साथ ही विभिन्न मामलों में कुल 7 लाख 65 हजार रुपये से अधिक जुमार्ना वसूला गया तथा मृतकों एवं घायलों के परिजनों को 3 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक का प्रतिकर अवार्ड पारित किया गया।

पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सत्य प्रकाश ने 38 मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामलों का निस्तारण करते हुए 2 करोड़ 94 लाख 81 हजार रुपये का प्रतिकर अवार्ड पारित किया। वहीं स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन बृजेश नारायण मिश्र ने एक मामले में 22 हजार 680 रुपये का प्रतिकर अवार्ड दिया।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ला ने 33 वैवाहिक मामलों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार सिंह ने 2,735 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 7 लाख 25 हजार 200 रुपये जुमार्ना वसूला।

पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पल्लवी सिंह ने 568 बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया तथा 2 करोड़ 72 लाख 18 हजार 297 रुपये की ऋण वसूली कराई।

इसके अतिरिक्त विभिन्न न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, विद्युत विभाग, नगरपालिका परिषद, परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग एवं ई-चालान से संबंधित हजारों मामलों का भी सफल निस्तारण किया गया। आरटीओ विभाग द्वारा 10,129 चालानों का निस्तारण करते हुए 3 करोड़ 27 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया, जबकि ई-चालान यातायात के 2,704 मामलों में 9 लाख 53 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रयासों से तहसील एवं चकबंदी न्यायालयों में कुल 52,078 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया।

कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों, पराविधिक स्वयंसेवकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# सुहेलदेव पासी का भव्य विजय दिवस कार्यक्रम 10 जून को मनाया जाएगा

## जनसभा का उद्देश्य लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आगामी 10 जून को हिन्दू सम्राट राजा सुहेलदेव पासी के विजय दिवस के उपलक्ष्य में आजाद खेल मैदान, कनकहा मोहनलालगंज में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप और कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुशील रावत ने दी प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बताया कि जनसभा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की करीब 40 ग्राम सभाओं को चिन्हित कर गांव-गांव पंजीकरण अभियान शुरू कर दिया



गया है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुशील रावत ने कहा कि यह आयोजन हिन्दू समाज में समरसता और एकता को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि राजा सुहेलदेव पासी ने समाज को संगठित कर आक्रमणकारी सैय्यद सालार मसूद गाजी को 10 जून के दिन पराजित कर विजय प्राप्त की थी, जिसकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में बढ़ रहे लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों के प्रति समाज में जागरूकता लाने का माध्यम बनेगी।इस अवसर पर सूरज पासी, विपिन प्रधान, मुकेश रावत, दिलीप रावत, नरेंद्र पासी, योगेंद्र प्रताप, शिव कुमार रावत,प्रदीप रावत सुधीर रावत, सुधीर रावत,सहित कई समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे॥

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल एंबुलेंस की मदद से घायल का हुआ उपचार

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल। राजगढ़ थाना क्षेत्र के शुक्रवार की रात्रि में बघौड़ा मे अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी रामलाल 35 वर्षीय पुत्र रंजीत किसी



काम से गए हुए थे वापस लौटते समय जैसे ही बघौड़ा पहुंचे अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस चालक विशाल पटेल और ओमप्रकाश में तत्काल घायल हुए मरीज का उपचार किया और राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए गए जहां पर बेहतर उपचार के लिए मरीज को रेफर कर दिया गया।

# करंट की चपेट में आकर आग में गिरा व्यक्ति, गंभीर रूप से झुलसा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के परसिया मतवरिया गांव में शनिवार की सुबह खेत में जल रहे कूड़े को बुझाने गया एक व्यक्ति करंट की चपेट में आकर आग में गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गांव निवासी 40 वर्षीय प्रगास खेत में जल रहे कूड़े को बुझाने गया था। इसी दौरान खेत में प्रवाहित हो रहे झटका करंट की चपेट में आ गया और असंतुलित होकर आग में गिर पड़ा। आग की लपटों से वह गंभीर रूप से झुलस गया।मौके पर मौजूद उसकी पत्नी चन्द्रकली ने किसी तरह आग से बाहर निकालते हुए शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पटना के बाढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा फॉर्म को लेकर घमासान, छात्र ने की खुदकुशी की कोशिश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाढ़ के राणाबीघा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा प्रपत्र जमा नहीं होने का विवाद अब हिंसक और गंभीर मोड़ ले चुका है। 11 मई से शुरू होने वाली परीक्षा से करीब 70-80 छात्रों के वंचित होने की आशंका है, जिसके विरोध में छात्र और अभिभावक लामबंद हो गए हैं। इस तनाव के बीच एक छात्र द्वारा आत्महत्या के प्रयास की घटना ने मामले को और गरमा दिया है। छात्र ने सुसाइड नोट में लगाया प्रताड़ना का आरोप

अंतिम वर्ष के छात्र नीतीश कुमार ने परीक्षा से वंचित किए जाने से क्षुब्ध होकर आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की। गनीमत रही कि छात्रावास के साथियों ने उसे समय रहते बचा लिया। छात्र ने अपने पत्र में प्राचार्य डॉ. के.एल. पुष्कर और एक शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नीतीश का दावा है कि उसकी उपस्थिति 84 प्रतिशत है और कोई पेपर पेंडिंग नहीं है, फिर भी उसे रोका गया। पत्र में कॉलेज के भीतर जातिवाद, क्षेत्रवाद और छात्रों को "बिहारी" कहकर अपमानित करने जैसे संगीन आरोप भी लगाए गए हैं। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा पोर्टल केवल चुनिंदा छात्रों के लिए खोला गया, जबकि बहुसंख्यक छात्रों को छोड़ दिया गया। शुक्रवार रात पुलिस ने कॉलेज पहुंचकर छात्रों को केस दर्ज करने की धमकी देकर परिसर से हटाया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। छात्र और उनके परिजन देर रात अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया से मिलने पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अभिभावक दीपक पांडे ने कहा कि कॉलेज प्रशासन संवाद करने के बजाय छात्रों को डरा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी छात्र को कुछ होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्राचार्य की होगी। फिलहाल कॉलेज में भारी तनाव है। छात्र दोषियों पर कार्रवाई और परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग पर अड़े हैं। इस घटना ने तकनीकी शिक्षा विभाग की पारदर्शिता और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पटना के पैठानी नत्थुपुर में श्री विष्णु यज्ञ शुरू

## 500 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बेउर स्थित पैठानी नत्थुपुर सूर्य मंदिर परिसर में शनिवार को नौ दिवसीय 'श्री श्री 1008 विष्णु यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह आयोजन 17 मई तक चलेगा। यज्ञ के पहले दिन लगभग 500 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालु महिलाएं गाजे-बाजे के साथ गंगा घाट पहुंचीं, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र गंगाजल भरा गया। कलश यात्रा बेउर मोड़, बाइपास, सिपारा और बेउर जेल रोड होते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंची। रास्ते भर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और "जय विष्णु भगवान" के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित देवकीनंदन भारद्वाजी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम सत्र में श्रद्धालुओं को भक्ति रस का पान कराया। उन्होंने कहा की भगवान विष्णु की उपासना से न केवल व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मकता आती है, बल्कि परिवार और समाज में शांति व सद्भाव का माहौल बनता है। उन्होंने सनातन धर्म के मूल्यों को अपनाकर समाज में भाईचारा मजबूत करने पर जोर दिया। यज्ञाचार्य संत श्री कन्हैया जी महाराज और संत श्री धनेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन, मंडप प्रवेश और अग्नि प्राकट्य के कार्यक्रम संपन्न हुए। आयोजन समिति ने बताया कि 16 मई को अष्टयाम कीर्तन का आयोजन होगा। 17 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति और विशाल महाभंडारा आयोजित किया जाएगा। पैठानी नत्थुपुर के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण उत्सवपूर्ण बना हुआ है।

# पटना में खेत में दौड़ाए गए करंट से बुजुर्ग महिला की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के ढिवरा पंचायत स्थित शाहपुर मुसहरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार को मकई के खेत की सुरक्षा के लिए बिछाए गए बिजली प्रवाहित नंगे तारों की चपेट में आने से 70 वर्षीय महादलित महिला रीता देवी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका बकरी पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। जानकारी के अनुसार, मृतका रोज की तरह बकरी चराने निकली थीं। शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान गांव के महेंद्र सिंह के मकई के खेत के चारों ओर सुरक्षा के लिए लगाए गए नंगे तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में वह आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से खेत मालिक ने आनन-फानन में तारों को वहां से हटा दिया। रीता देवी के पति का निधन पहले ही हो चुका था। अब उनकी मौत के बाद 18 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी और 16 वर्षीय पुत्र सुवास कुमार के सिर से मां का साया उठ गया है। घटना के बाद परसा बाजार थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच में जुट गई है।





# 50 किलोमीटर का सफर, हाथ में बल्ला और आंखों में सपना... बहरागोड़ा की बेटी प्रियंका कर ने नेशनल क्रिकेट में लहराया परचम

## छोटे से गांव खांडामौदा से निकलकर अंडर-15 स्टेटस तक पहुंची 13 वर्षीय प्रियंका, अब भारतीय टीम में जगह बनाना है सपना

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 09 मई 2026: "जहां लोग गुड़ियों से खेलने की उम्र में सपने देखना शुरू करते हैं, वहां इस छोटी सी बच्ची ने बल्ला थामकर इतिहास लिखने का सपना देखा..."

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के छोटे से गांव खांडामौदा की रहने वाली 13 वर्षीय प्रियंका कर आज हजारों ग्रामीण बच्चियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। छोटी सी उम्र में क्रिकेट के प्रति ऐसा जुनून कि रोज 50 किलोमीटर का सफर तय कर घाटशिला स्थित क्रिकेट अकादमी पहुंचना उनकी दिनचर्या बन गई थी।

महज 9 साल की उम्र में प्रियंका ने क्रिकेट अकादमी जॉइन की। उस समय बहरागोड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट सीखने के लिए घाटशिला की अकादमी ही एकमात्र सहारा थी। लेकिन दूरी और कठिनाइयों ने प्रियंका के हौसले को कभी कमजोर नहीं किया।

"छोटी सी उम्र... लेकिन हौसले आसमान से भी बड़े। गांव की गलियों से निकलकर इस बेटी ने क्रिकेट के मैदान में ऐसा चौका लगाया कि आज पूरा इलाका उस पर गर्व कर रहा है।"

प्रियंका बताती हैं कि जब वह लगभग 4 साल की थीं, तभी से उन्हें बल्ला पकड़ने और क्रिकेट देखने का शौक हो गया था। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनके आदर्श हैं। धोनी की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग स्टाइल को देखकर ही उनमें क्रिकेट के प्रति लगाव बढ़ता गया।

धीरे-धीरे प्रियंका की रुचि इतनी बढ़ी कि वह घर में अपने माता-पिता से बल्ला और बॉल दिलाने की जिद करने लगीं। शुरूआत में



परिवार ने पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी, लेकिन जब उन्होंने बेटी का जुनून देखा तो उसका पूरा साथ देने का फैसला किया।

प्रियंका के पिता देबराज कर पेशे से शिक्षक हैं, लेकिन युवावस्था में वे खुद भी एक अच्छे क्रिकेटर रह चुके हैं। उन्होंने उड़ीसा, बिहार और झारखंड के कई मैदानों में क्रिकेट खेला है। वहीं उनकी मां रीता रानी महापात्रा गृहिणी हैं, जिन्होंने हर कदम पर बेटी का हौसला बढ़ाया।

प्रियंका कहती हैं कि उनके पिता ने सिर्फ एक पिता नहीं, बल्कि एक सच्चे कोच और दोस्त की तरह उनका साथ दिया।

"उन्होंने दिन-रात मेहनत की... बस एक सपना था कि उनकी बेटी एक दिन बड़ी क्रिकेटर बने।"

बहरागोड़ा क्रिकेट अकादमी के कोच निशीकांत कुमार ने प्रियंका को क्रिकेट की बारीकियां सिखाईं। मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि महज 13 साल की उम्र में प्रियंका ने विशाखापट्टनम में आयोजित अंडर-15 नेशनल स्टेट क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया।

अपने क्रिकेट सफर में प्रियंका की मुलाकात कई बड़े खिलाड़ियों और क्रिकेट हस्तियों से भी हो चुकी है। इनमें सौरभ तिवारी, ईशान किशन और उभरते युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी जैसे नाम शामिल हैं।

**प्रियंका ने अपनी सफलता का मंत्र बताते हुए कहा -**

"अगर जिंदगी में कुछ बड़ा हासिल करना है, तो हार्ड वर्क और डेडिकेशन सबसे जरूरी है। कभी किसी चीज में खुद को पीछे मत समझो। मेहनत करते रहो, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।"

प्रियंका का सपना अब भारतीय महिला क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाना है। उनकी यह कहानी आज उन तमाम ग्रामीण बेटियों के लिए उम्मीद की नई रोशनी बन गई है, जो संसाधनों की कमी के बावजूद बड़े सपने देखने का हौसला रखती हैं।

"मिट्टी गांव की है... लेकिन सपने पूरे देश के। प्रियंका कर ने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो छोटे गांवों से निकलकर भी आसमान छुआ जा सकता है।"

# ममता बनर्जी का अहंकार जनता ने तोड़ा

**बंगाल में अब सुशासन का उदय:- रामकृपाल यादव**

पटना/ बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के घमंड ने उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनादर के लिए मजबूर कर दिया था, जिसे बंगाल की जनता ने अब तोड़ दिया है। वे पटना के बामेती में




आयोजित भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। रामकृपाल यादव ने आरोप लगाया कि बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों, अधिकारियों और यहाँ तक कि राष्ट्रपति का भी सम्मान नहीं किया गया। उन्होंने ममता बनर्जी की तुलना आपातकाल के दौर की इंदिरा गांधी से करते हुए कहा कि इंदिरा जी के बाद ममता दूसरी ऐसी नेता बनीं, जिन्होंने तानाशाही रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता ने आपातकाल का अंत किया, वैसे ही बंगाल में भी परिवर्तन की लहर चल रही है। मंत्री ने विश्वास जताया कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में भाईचारे के साथ आर्थिक और सामाजिक उन्नति होगी और "सोनार बांग्ला" का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा की ओर सुशासन की उम्मीद से देख रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक आशा सिन्हा, संजीव यादव, आशुतोष कुमार और शंकर प्रसाद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को मिला बैल जोड़ी व सूकर यूनिट

**समाज जागरण, संवाददाता**







ईचागढ़ : कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जोड़ा बैल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चयनित लाभुकों के बीच तीन यूनिट बैल जोड़ी एवं आठ यूनिट सूकर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुआ।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने लाभुकों को पशुपालन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दीं। पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, पोषण एवं वैज्ञानिक तरीके से पालन करने को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की गई, ताकि लाभुक योजना का बेहतर लाभ उठा सकें।

प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरेलाल महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, पशुपालन को प्रोत्साहित करना तथा लाभुकों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से समय-समय पर लाभुकों को आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो समेत कई गणमान्य लोग एवं दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

# शौर्य यात्रा निकाल करणी सेना ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती, चेतक घोड़े के करतब ने लोगों को किया आकर्षित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 09 मई 2026: वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर क्षत्रिय करणी सेना द्वारा भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भुइयांडीह पटेलनगर मैदान से प्रारंभ होकर भुइयाडीह चौक तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। पूरे मार्ग में ह्लजय महाराणाह्व के जयकारों से वातावरण उत्साह और देशभक्ति से गूंज उठा। शौर्य यात्रा से पूर्व चेतक घोड़ों द्वारा शानदार करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। घोड़ों की आकर्षक प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही और लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने भुइयाडीह चौक पहुंचकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। टुनटुन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत कर उन्हे सम्मानित किया,कार्यक्रम के दौरान सेवा शिविर का भी आयोजन किया गया,जहां हजारों लोगों के बीच शरबत, हलुआ एवं लड्डू का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह,हरि सिंह राजपूत,मनोज सिंह,संजय सिंह,राकेश सिंह,रंजन सिंह,प्रमोद सिंह,हिमांशु सिंह, लवकेश सिंह,निहाल सिंह,आदित्य सिंह, उदय सिंह,मधु सिंह,राजकुमार सिंह,श्रवण सिंह,विकास,शिवम व अन्य लोग मौजूद थे ।

# ग्राम सभा के निर्णय के बाद प्रेमी युगल का हिंदू रीति-रिवाज से कराया गया विवाह

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**



ईचागढ़ : कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह पंचायत में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में प्रेमी युगल के मामले को लेकर अहम निर्णय लिया गया। बैठक में गांव के गणमान्य लोगों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी गई।

जानकारी के अनुसार दूल्हा बिनोद सिंह मुण्डा, पिता गुरुचरण सिंह मुण्डा, तिरुलडीह निवासी हैं, जबकि कन्या सुलेखा कुमारी, पिता गोवर्धन सिंह, ग्राम पंचायत कुचु अमगाड़ा, रांची की रहने वाली हैं। ग्राम सभा में दोनों परिवारों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के बीच आपसी सहमति बनने के बाद विवाह सम्पन्न कराने का फैसला लिया गया। इसके बाद शिव मंदिर कूदा प्रांगण में हिंदू रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दोनों का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संस्कार पंडित बशिष्ठ नारायण पांडे द्वारा कराया गया। विवाह के दौरान ग्रामीणों एवं परिजनों की मौजूदगी रही और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया गया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि समाज की मयार्दा, दोनों परिवारों की सहमति एवं गांव की परंपरा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

बैठक एवं विवाह समारोह में ग्राम पंचायत के कई ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# टाटानगर रेल अस्पताल में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल, आग से बचाव और रेस्क्यू का दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**



जमशेदपुर टाटानगर रेल सिविल डिफेंस टीम द्वारा उप मंडल रेल अस्पताल में आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष प्रशिक्षण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रेल अस्पताल के मेल वार्ड के सामने स्थित कैंटीन क्षेत्र में आयोजित हुआ, जिसमें चिकित्सकों, नर्सों, रेलकर्मियों एवं मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके सिखाए गए।

कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुतलू मुर्मू, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. टोपनो, मंडल चिकित्सा अधिकारी, नर्स, ड्रेसर, लिपिक सहित बड़ी संख्या में मरीज एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में आग लगने की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने की। उन्होंने आग लगने के प्रमुख कारणों की जानकारी देते हुए कहा कि वायरिंग में लूज कनेक्शन, टूटे-फूटे और अस्थायी स्विच-प्लग का उपयोग दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर की नियमित सर्विसिंग नहीं होने से ब्लास्ट की घटनाएं हो सकती हैं, जो बड़ी आग का रूप ले लेती हैं।

उन्होंने अस्पतालों में मौजूद महंगे चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया। संतोष कुमार ने बताया कि एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में आग लगने की स्थिति में CO2 फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग सबसे उपयुक्त होता है। इससे आग पर नियंत्रण पाने के साथ-साथ महंगे उपकरणों को नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान डेमोंस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह ने आग लगने की स्थिति में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल तकनीक के साथ ब्लैंकेट ड्रैग एवं टो ड्रैग रेस्क्यू विधि की जानकारी दी। इन विधियों के माध्यम से मरीजों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने का अभ्यास कराया गया।

वहीं डेमोंस्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने अग्निशमन यंत्र के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने “PASS” नियम के तहत फायर एक्सटिंग्विशर चलाने की प्रक्रिया समझाई और मौके पर मॉक ड्रिल कर उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों ने स्वयं अग्निशमन यंत्र चलाकर उसका अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का सबसे रोचक पहलू यह रहा कि अस्पताल के चिकित्सकों ने भी सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लिया और आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के तरीकों को व्यवहारिक रूप से सीखा। इससे अस्पताल कर्मियों में आत्मविश्वास बढ़ा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को मजबूती मिली। कार्यक्रम के समापन पर उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुतलू मुर्मू ने सिविल डिफेंस टीम द्वारा दिए गए प्रशिक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अग्नि सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड मशीन रूम में जल्द ही CO2 फायर एक्सटिंग्विशर लगाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अस्पताल कर्मी किसी भी आपदा की स्थिति में बेहतर तरीके से कार्य कर सकें।

# नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में महाराणा प्रताप एवं गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**समाज जागरण, संवाददाता**




ईचागढ़: नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक व शिक्षाविद गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक सह भाजपा नेता डॉ. जटाशंकर पांडे ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उनका संघर्षपूर्ण जीवन आज भी युवाओं को अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने तथा मातृभूमि के सम्मान के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने ये भी कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता न करना ही महाराणा प्रताप के जीवन का सबसे बड़ा संदेश है।

डॉ. पांडे ने गोपाल कृष्ण गोखले के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख विचारकों में से एक थे। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक सुधार, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण को नई दिशा देने का कार्य किया। महात्मा गांधी भी उन्हें अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। गोखले जी का जीवन युवाओं को ज्ञान, सेवा और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से एडवोकेट निखिल कुमार जी, जयदीप पांडे, शांति राम महतो, प्रकाश महतो, देवाशीष मंडल, शुभम साहू, पवन महतो, अजय मंडल गौरव महतो, कृष्णा पद महतो, शिशुमती दास निमाई मंडल सहित संस्थान के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा नेता भरत सिंह ने दी बधाई, कहा- बंगाल में शुरू होगा सुशासन का नया दौर

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक**

जमशेदपुर पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन और श्री शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने मंत्री पद की शपथ लेने वाले पाँचों मंत्रियों को भी शुभेच्छा प्रेषित करते हुए इसे पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक और निर्णायक क्षण बताया।



भरत सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आसीन होना केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की दिशा में एक नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ भाजपा को समर्थन दिया है, वह अब राज्य के समग्र विकास के रूप में दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर की समस्याओं को भलीभांति समझते हैं। उनका अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व और जनता से सीधा संवाद उन्हें एक प्रभावशाली और दूरदर्शी नेता बनाता है। भरत सिंह ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में भयमुक्त वातावरण स्थापित होगा तथा विकास और पारदर्शिता आधारित राजनीति को बढ़ावा मिलेगा।

भाजपा नेता ने कहा कि अब राज्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूती मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक जवाबदेह बनेगी।

# 553 मामलों का निष्पादन, डेढ़ करोड़ से अधिक राशि पर हुआ समझौता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार ने पीठासीन पदाधिकारियों से पक्षकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए मामलों का उदारतापूर्वक एवं विधिसम्मत निष्पादन करने की अपील की। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर ने पक्षकारों से शांतिपूर्ण तरीके से अपने मामलों के निष्पादन में सहयोग करने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल आठ पीठों का गठन किया गया था, जिसमें न्यायिक पदाधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ताओं को गैर-न्यायिक सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।

इसके अतिरिक्त बैंक ऋण से जुड़े 316 मामलों में कुल 1 करोड़ 43 लाख 69 हजार 832 रुपये की राशि पर समझौता हुआ। वहीं ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों का निष्पादन शहीद अशफाकउल्लाह खां स्टेडियम, खगड़ा, किशनगंज में लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय के कुल 143 मामलों का निष्पादन किया गया। इनमें 99 आपराधिक शमनीय मामले, एक प्ली बार्गेनिंग मामला, एक चेक बाउंस मामला, एक बाल मजदूरी मामला, 40 विद्युत विभाग के मामले तथा एक वैवाहिक विवाद का मामला शामिल था। चेक बाउंस मामले में 1.96 लाख रुपये तथा बाल मजदूरी मामले में 20 हजार रुपये जुमार्ना की राशि निर्धारित की गई।

किया गया। इस दौरान नीरज किशोर सिंह, पीठासीन पदाधिकारी, विशेष न्यायाधीश, उत्पाद न्यायालय प्रथम, किशनगंज उपस्थित थे। ट्रैफिक चालान के 89 मामलों में 3 लाख 3 हजार 500 रुपये तथा टेलीफोन बिल के पांच मामलों में 5 हजार 507 रुपये की राशि पर समझौता कराया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पक्षकारों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में सहायता केंद्र बनाए गए थे तथा प्रत्येक पीठ में एक-एक अधिकार मित्र की प्रतिनियुक्ति की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# विधायक आवासीय क्षेत्र के पास स्मैक का नेटवर्क, नशे की गिरफ्त में फंस रहे युवा

## टेऊसा पंचायत में खुलेआम जुट रहे नशेड़ी, ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज शहर के विधायक आवासीय क्षेत्र से सटे टेऊसा पंचायत में स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके के कई स्थानों पर खुलेआम नशेड़ियों का जमावड़ा लग रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति इतनी चिंताजनक हो चुकी है कि अहले सुबह से ही कई जगहों पर नशेड़ियों और संदिग्ध लोगों की भीड़ जुटने लगती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दिन-रात इलाके में संदिग्ध युवकों की आवाजाही बनी रहती है। कई युवक खुलेआम स्मैक का सेवन करते देखे जा रहे हैं। इससे अभिभावकों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में नए युवक नशे की लत का शिकार हुए हैं, जिससे परिवारों की चिंता लगातार बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि 29 अप्रैल को चाय बागान क्षेत्र से चार कथित स्मैक तस्करों की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन इसके बावजूद नशे का कारोबार थमने के बजाय लगातार फैलता जा रहा है। अब नरसिंह धागा फार्म क्षेत्र को भी स्मैकियों का नया अड्डा बताया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और तस्वीरें इलाके में चल रही गतिविधियों की गंभीरता को दर्शा रहे हैं।

**सीमावर्ती क्षेत्र का उठा रहे फायदा**

ग्रामीणों का आरोप है कि बंगाल सीमा से सटे होने का फायदा उठाकर तस्कर आसानी से स्मैक और अन्य नशीले पदार्थ इलाके तक पहुंचा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई युवा अब नशे के कारोबार से भी जुड़ चुके हैं, जिससे पूरे समाज पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।



**महिलाओं और बच्चों में बढ़ी असुरक्षा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नशेड़ियों की बढ़ती गतिविधियों से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। शाम होते ही कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस से लगातार गश्त, विशेष छापेमारी अभियान तथा नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं हुई तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, स्मैक जैसे नशीले पदार्थ युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं तथा कई घातक बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में विधायक कमरुल हुडा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की गई है तथा प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

# किशनगंज भवन निर्माण विभाग में नहीं थम रहा 'टेंडर मैनेज' का खेल

## काम पूरा होने के महीनों बाद निकाली गई निविदा, विभागीय कार्यशैली पर उठे सवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




जिले के भवन निर्माण विभाग में टेंडर प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग पर पहले कार्य कराने और बाद में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए निविदा जारी करने का आरोप लगा है। मामला 7 मई को जारी अल्पकालीन निविदा संख्या-03/2026-27 से जुड़ा है, जिसमें शामिल पांच कार्यों में से तीन कार्य महीनों पहले ही पूरे किए जाने की चर्चा है।

जानकारी के अनुसार, उक्त तीनों कार्य विभाग के एक करीबी ठेकेदार द्वारा करीब चार महीने पहले ही करा लिए गए थे। इसके बावजूद अब विभाग ने औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के लिए निविदा प्रकाशित की है। आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया केवल कागजी खानापूर्ति के लिए अपनाई गई, ताकि पूर्व में कराए गए कार्यों के भुगतान को वैध रूप दिया जा सके।

सूत्रों के अनुसार, विभाग में लंबे समय से टेंडर मैनेज का खेल चल रहा है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से पहले चुनिंदा ठेकेदारों को काम दे दिया जाता है और बाद में नियमों के पालन का दिखावा करते हुए टेंडर जारी किया जाता है। इससे विभागीय पारदर्शिता और सरकारी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

बताया जाता है कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों के सख्त पालन के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कथित रूप से मनमानी जारी है। स्थानीय लोगों और संवेदकों का कहना है कि यदि कार्य पहले ही पूरा हो चुका था तो बाद में निविदा जारी करने का औचित्य क्या है।

मामले में कमीशनखोरी की आशंका भी जताई जा रही है। चर्चा है कि भुगतान निकालने और फाइलों को वैध बनाने के लिए यह पूरा खेल रचा गया। मामले के सामने आने के बाद भवन निर्माण विभाग की कार्यशैली फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

जानकारों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है और क्या वास्तव में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो पाएगी।

**जांच नहीं हुई तो होगा आंदोलन : नासिक नादिर**

भवन निर्माण विभाग की कार्यशैली को लेकर जिला परिषद सदस्य नासिक नादिर ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने विभाग पर टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितता और टेंडर मैनेज करने का आरोप लगाया है।

नासिक नादिर ने कहा कि विभागीय पदाधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों से पहले ही कार्य पूरा करवा लेते हैं और बाद में उसी कार्य का टेंडर निकालकर कागजी प्रक्रिया पूरी की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा खेल सरकारी राशि की निकासी और कमीशनखोरी के लिए किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो रही है।

उन्होंने कहा कि टेंडर मैनेज के इस खेल के कारण छोटे ठेकेदारों को काम नहीं मिल पा रहा है। जिला परिषद सदस्य ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

हालांकि भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई

# अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के विरोध में 20 मई से भूख हड़ताल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शंभु कुमार यादव ने जिले में बढ़ रहे अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों की तेज रफ्तार, अवैध लॉटरी और अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ 20 मई 2026 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने की घोषणा की है।

शंभु कुमार यादव ने आरोप लगाया कि किशनगंज नगर क्षेत्र में खुलेआम अवैध बालू खनन और ओवरलोड ट्रैक्टरों का परिचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने पर बालू माफियाओं द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर प्रताड़ित किया जा रहा है। यादव ने कहा कि उनके मोबाइल पर


बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी

लगातार धमकी भरे फोन कॉल भी आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार ओवरलोड वाहनों के कारण स्कूल और कोचिंग जाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन खतरे का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सदर थाना को कई बार सूचना देने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

यादव ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे 20 मई से जिला मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

इस संबंध में जिला प्रशासन सहित संबंधित विभागों को प्रतिलिपि भेजी गई है।

# सुरार पहाड़ से 20 लीटर देशी शराब और बाइक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) गुप्त सूचना के आधार पर नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुरार पहाड़ से 20 लीटर देशी शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि सुरार पहाड़ इलाके में कुछ लोग अवैध



रूप से देशी शराब की तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहाड़ क्षेत्र में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने 20 लीटर देशी शराब और शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल बरामद की। मौके से 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के सुरार गांव निवासी राकेश कुमार और नबीनगर थाना क्षेत्र के शिवसागर गांव निवासी मनीष कुमार है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना नगर निगम में समय पर संपत्ति कर जमा करने पर 5% की छूट, 30 जून तक मौका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना नगर निगम ने शहर के करदाताओं के लिए राहत की बड़ी घोषणा की है। बिहार नगर पालिका संपत्ति कर नियम 2013 के अंतर्गत, जो नागरिक समय पर संपत्ति कर का भुगतान कर रहे हैं, उन्हें मूल कर राशि में 5 प्रतिशत की सीधी छूट दी जा रही है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। नगर निगम द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 7 मई 2026 के बीच कुल 35,948 संपत्तिधारकों ने समय पर कर जमा किया है। इस छूट के माध्यम से नागरिकों को अब तक लगभग 40.11 लाख रुपये की आर्थिक बचत हुई है। वहीं, इस अवधि में निगम को करीब 11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जिसे शहर के विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा। नगर निगम की




इस पहल से कर संग्रह प्रणाली अधिक पारदर्शी हुई है। इस वित्तीय वर्ष (2026-27) में लगभग 60 प्रतिशत करदाताओं ने डिजिटल माध्यम को चुना है। लोग आधिकारिक पोर्टल के अलावा पेटीएम, भीम और गूगल पे जैसे ऐप का भी उपयोग कर रहे हैं। डिजिटल भुगतान न कर पाने वालों के लिए निगम मुख्यालय और अंचल कार्यालयों में सुबह 9 से शाम 7 बजे तक काउंटर खुले हैं। नागरिक नकद, चेक या डिमांड ड्राफ्ट (DD) के जरिए भी कर जमा कर सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, पिछले वर्ष (2025) इसी अवधि में 13 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह हुआ था। इस बार भी संग्रह की स्थिति संतोषजनक है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की उम्मीद है। बड़े बकायेदारों को जागरूक करने के लिए एसएमएस (SMS) के माध्यम से अलर्ट भी भेजे जा रहे हैं।

नगर निगम ने अपील की है कि अधिक से अधिक नागरिक 30 जून से पहले कर जमा कर 5% छूट का लाभ उठाएं और शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# बिहार में 'टोपो' भूमि की खरीद-बिक्री पर पूर्ण रोक

## सरकार ने माना सरकारी संपत्ति

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार सरकार ने भूमि विवादों को जड़ से खत्म करने और सरकारी जमीन की सुरक्षा के लिए एक बड़ा नीतिगत निर्णय लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के 14 जिलों में टोपो भूमि की खरीद-बिक्री, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और लगान निर्धारण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह रोक लगा दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि टोपो भूमि मूल रूप से सरकारी संपत्ति है और इस पर किसी भी व्यक्ति के निजी स्वामित्व को मान्यता नहीं दी जाएगी। जिन जिलों में यह आदेश लागू होगा, उनमें पटना, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, मुंगेर, नालंदा, भोजपुर, सारण, सिवान, खगड़िया, गोपालगंज, बक्सर, लखीसराय और पश्चिम चंपारण शामिल हैं। इनमें से अधिकांश भूमि दियारा क्षेत्रों में स्थित है। विशेषज्ञों के अनुसार, नदियों के मार्ग बदलने से उभरी नई जमीन या ऐसी असर्वेक्षित भूमि जिसका कोई पुराना राजस्व अभिलेख (खाता-खेसरा) उपलब्ध नहीं होता, उसे 'टोपो' भूमि कहा जाता है। वर्ष 2022 में कुछ शर्तों के साथ इसकी रजिस्ट्री शुरू हुई थी, जिससे कानूनी जटिलताएं बढ़ गईं। प्रधान सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 13 मई 1935 को प्रिवी काउंसिल द्वारा दिए गए निर्णय और विधि विभाग की राय में भी इसे सरकारी जमीन माना गया है। सरकार का मानना है कि इस जमीन पर निजी दावों को अनुमति देने से बड़े पैमाने पर फजीवाड़ा और भूमि विवाद पनप रहे थे। अब खाता-खेसरा के स्थान पर केवल "टोपो" लिखकर होने वाली रजिस्ट्री बंद कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में इस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जब तक कि सरकार इस विषय पर कोई अंतिम नीतिगत निर्णय नहीं ले लेती। इस फैसले से भू-माफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी जमीन कब्जाने की कोशिशों पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# IIT पटना में बीटेक छात्र का शव मिला

## करंट लगने से मौत की आशंका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर में शनिवार सुबह एक छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी 22 वर्षीय हर्षित कुमार के रूप में हुई है। हर्षित संस्थान में बीटेक चौथे (अंतिम) वर्ष का छात्र था। इस घटना के बाद पूरे परिसर में शोक और सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल है। प्रारंभिक जांच और परिस्थितियों के आधार पर पुलिस छात्र की मौत का कारण करंट लगना मान रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पटना और आसपास के इलाकों में तेज आंधी-बारिश हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि शनिवार सुबह जब हर्षित टहलने के लिए निकला, तो परिसर में किसी टूटे हुए बिजली के तार या करंट प्रवाहित वस्तु की चपेट में आ गया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो पाएगी। घटना की सूचना मिलते ही आईआईटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को सील कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। थाना प्रभारी रोशन कुमार राज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। हर्षित के सहपाठियों ने उसे एक मेधावी और शांत स्वभाव का छात्र बताया। वहीं, इस घटना ने संस्थान परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। छात्रों का कहना है कि आंधी-तूफान के बाद प्रशासन को परिसर में बिजली के तारों और अन्य तकनीकी खतरों की जांच करनी चाहिए थी।

फिलहाल, संस्थान प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है ताकि यह साफ हो सके कि यह महज एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण।

# नबीनगर में प्रमुख और उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि निर्धारित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर पंचायत समिति के प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी और उप प्रमुख लव कुमार सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है।15 मई को विशेष बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा किया जाएगा। वहीं 16 मई की विशेष बैठक में उप प्रमुख लव कुमार सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा किया जाना है।प्रखंड कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रखंड परिसर स्थित बहुदेशीय भवन में होगी।कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने की सूचना दी गई है। सूचना में सभी संबंधित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और सरपंच को भी आमंत्रित किया गया



है।अविश्वास प्रस्ताव में प्रमुख चित्रा कुमारी और उप प्रमुख लव कुमार सिंह पर विकास कार्यों और वित्तीय प्रबंधन में गंभीर अनियमितता के 5 आरोप लगाए गए हैं:

1.आरोप है कि 15वें वित्त आयोग की राशि का पंचायत समिति सदस्यों के बीच सही तरीके से वितरण नहीं किया गया। 2. पंचम और षष्ठम वित्त आयोग की राशि सभी पंचायत समिति सदस्यों को नहीं दी गई।3. पंचायत समिति की बैठक समय-समय पर नहीं बुलाई जाती है।4.विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं ली जाती और 5.कार्यपालिका प्रशासन का समुचित पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है।

प्रखण्ड कार्यालय द्वारा जारी सूचना में सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में भाग लें। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।नबीनगर पंचायत समिति में प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

# पटना जंक्शन का होगा कायाकल्प

## ₹100 करोड़ से बनेगा दो मंजिला अत्याधुनिक यात्री भवन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजधानी पटना से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पूर्व मध्य रेलवे ने पटना जंक्शन पर यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने और सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए **100 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य दो मंजिला यात्री प्रतीक्षालय बनाने की योजना तैयार की है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस नए भवन का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया जाएगा, जहां यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। भवन के अलग-अलग तलों पर सुविधाओं का विभाजन इस प्रकार होगा। भूतल पर आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटर बनाए जाएंगे, ताकि यात्रियों को टिकट लेने के लिए भीड़ और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। प्रथम तल पर एक विशाल और आरामदायक प्रतीक्षालय होगा, जिसमें बैठने की आधुनिक व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। द्वितीय तल पर यात्रियों के लिए डॉरमेट्री और विश्राम कक्ष बनाए जाएंगे, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों और देर रात स्टेशन पहुँचने वाले लोगों को ठहरने में आसानी होगी।पटना जंक्शन बिहार का सबसे व्यस्त स्टेशन है, जहां रोजाना करीब डेढ़ लाख यात्री आते हैं। त्योहारों के समय यह संख्या ढाई लाख तक पहुँच जाती है। रेलवे की दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण कर निर्माण के लिए स्थान चिह्नित कर लिया है। प्रतीक्षालय के साथ-साथ प्लेटफॉर्म की लंबाई और चौड़ाई को भी 80 से 100 फीट तक बढ़ाने और सीढ़ियों के चौड़ीकरण पर काम किया जाएगा। रेलवे का दावा है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों को स्टेशन पर ही एयरपोर्ट जैसा अनुभव मिलेगा। यह कदम पटना जंक्शन को देश के सबसे आधुनिक स्टेशनों की श्रेणी में खड़ा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।




# पटना के दीदारगंज में 24 घंटे के भीतर दूसरी हत्या दिनदहाड़े व्यक्ति को मारी गोली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पुलिस की चौकसी को चुनौती देते हुए 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। खानपुर इलाके में शनिवार सुबह अपराधियों ने रामप्रवेश नामक व्यक्ति की छाती में गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, मृतक रामप्रवेश की सुबह करीब 6:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बात हुई थी। इसके करीब दो घंटे बाद, सुबह 8:30 बजे स्थानीय लोगों ने खेत की ओर गोली चलने की आवाज सुनी। जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो रामप्रवेश का लहूलुहान शव पड़ा मिला। घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मिले हैं, जिससे पुलिस को अंदेशा है कि हत्या से पहले अपराधियों और मृतक के बीच झड़प हुई होगी। हैरानी की बात यह है कि इसी थाना क्षेत्र में मात्र 24 घंटे पहले एक कॉलेज छात्र हर्ष की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। लगातार हो रही वारदातों ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अवधेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स (CDR) और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन स्थानीय नागरिक पुलिस गश्त और सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर आक्रोशित हैं।